
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक
टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित
# बढ़ता राजस्थान
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई




# योग दिवस आज

## मोदी श्रीनगर से समारोह का नेतृत्व करेंगे

**योग दिवस पर पीएम मोदी के दौरे से पहले श्रीनगर रेड जोन घोषित, ड्रोन के संचालन पर रोक**

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीनगर दौरे से पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को शहर को अस्थायी तौर पर रेड जोन घोषित कर दिया है और ड्रोन के संचालन पर पाबंदी लगा दी है। प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा के तहत मोदी श्रीनगर का दौरा करेंगे। पीएम मोदी शुक्रवार सुबह यहां एसकेआईसीसी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर ड्रोन के संचालन पर पाबंदी को लेकर श्रीनगर पुलिस ने एक्स पर कहा, श्रीनगर शहर को ड्रोन नियम, 2021 के नियम 24 (2) के प्रावधानों के अनुसार तत्काल प्रभाव से ड्रोन और क्वाडकॉप्टर के संचालन के लिए अस्थायी तौर पर रेड जोन घोषित किया गया है. पुलिस ने कहा कि रेड जोन में सभी तरह के अनधिकृत ड्रोन संचालन पर ड्रोन नियमों के प्रावधानों के अनुसार दंडित किया जा सकता है. पुलिस ने लोगों से इस संबंध में सहयोग करने को भी कहा. इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह 21 जून को श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे।

# केजरीवाल को शराब नीति केस में जमानत

**दिल्ली सीएम आज जेल से बाहर आ सकते हैं; ईडी बेल के खिलाफ अपील करेगी**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार, 20 जून शाम 8 बजे दिल्ली शराब नीति घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग केस में सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी। वे शुक्रवार को जेल से बाहर आ सकते हैं। उधर, एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने जमानत के खिलाफ अपील के लिए 48 घंटे का समय मांगा है। कोर्ट ने कहा कि ये दलीलें कल ड्यूटी जज के सामने की जा सकती हैं। इससे पहले ईडी ने कोर्ट में कहा था कि जमानत पर 48 घंटे का स्टे लगाया जाए, लेकिन वेकेशन बेंच ने इससे इनकार कर दिया। कोर्ट ने दिल्ली सीएम को 1 लाख रुपए का बेल बॉन्ड भरने को कहा। कोर्ट ने कहा है कि विस्तृत फैसला शुक्रवार को अपलोड होगा। तब पता चल पाएगा कि दिल्ली सीएम को किस आधार पर बेल दी गई। जमानत याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट में आज लगातार दूसरे दिन सुबह सुनवाई हुई। जज न्यायबिंदु की वेकेशन बेंच ने ईडी और केजरीवाल की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### केजरीवाल पर 2 शर्तें लगाईं

1. वे जांच में बाधा डालने या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे।
2. जरूरत पड़ने पर अदालत में पेश होंगे और जांच में सहयोग करेंगे।

# बिहार में बढ़े हुए आरक्षण पर हाईकोर्ट की रोक

**सरकार ने 50 से बढ़ाकर 65% कर दिया था आरक्षण**



बढ़ता राजस्थान

**पटना( एजेंसी )।** पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के आरक्षण सीमा बढ़ाए जाने के फैसले को गुरुवार को खारिज कर दिया। राज्य सरकार ने शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में एससी-एसटी, ओबीसी और ईबीसी को 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। पटना हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस केवी चंद्रन की बेंच ने गौरव कुमार और अन्य की याचिकाओं पर 11 मार्च को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि रिजर्वेशन इन कैटेगरी की आबादी की बजाय इनके सामाजिक और शिक्षा में पिछड़ेपन पर आधारित होना चाहिए। बिहार सरकार का फैसला संविधान के अनुच्छेद 16(1) और अनुच्छेद 15(1) का उल्लंघन है।

# आगे बहुत भर्तियां आने वाली हैं : भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के युवाओं से कहा कि तैयारी करिए। आगे बहुत वैकेंसी आने वाली हैं। जबरदस्त तरीके से आने वाली है। किसी भी कीमत पर हमारे प्रदेश के युवाओं को निराशा हाथ नहीं लगेगी। उनकी जो आशा है, उसके अनुरूप हमारी सरकार काम करेगी।

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा किसी भी तरह की चिंता नहीं करें। राजस्थान में जितनी भी वैकेंसी हैं, उन्हें एक-एक कर तरीके से भरा जाएगा। युवाओं को अधिक रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिला आरक्षण बढ़ाने पर गुरुवार को बड़ी संख्या में महिलाओं ने सीएमआर पहुंचकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। इस दौरान महिलाओं को संबोधित करते हुए सीएम ने ये बात कही। बीजेपी प्रदेश महिला मोर्चा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं सीएमआर पहुंचीं और महिला आरक्षण बढ़ाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।




### महिला आरक्षण का विरोध कर रहे युवाओं से की अपील

ग्रेड थर्ड टीचर भर्ती में महिलाओं का आरक्षण बढ़ाने का विरोध कर रहे युवाओं से मुख्यमंत्री ने कहा- यह प्राथमिक शिक्षा का काम है। प्राथमिक शिक्षा में हम देखते हैं कि हमारी माता और बहन जिस तरह से मातृत्व भाव रखकर काम करती हैं। उससे हमारे छोटे बच्चों को अधिक लाभ होगा। सीएम ने कहा- प्राथमिक स्कूलों में बच्चियों की संख्या ज्यादा होती है। उन बालिकाओं को पढ़ाने का काम हमारी मातृ शक्ति करेगी। सीएम ने कहा- हम आपके लिए भी अच्छी-अच्छी जगह निकाल रहे हैं, जहां आप काम कर सकते हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको किसी भी तरह से वंचित नहीं रखा जाएगा।

मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि जो युवा हमारे राजस्थान के लिए काम करना चाहते हैं, उनको किसी भी प्रकार से वंचित नहीं रखा जाएगा। जहां उनकी आवश्यकता है, ऐसी कई प्रकार की जगह हैं। जहां युवाओं की भागीदारी ज्यादा हो सकती है, वहां उनको भागीदारी दी जाएगी। तैयारी करिए। आगे बहुत वैकेंसी आने वाली हैं। जबरदस्त तरीके से आने वाली है। किसी भी कीमत पर हमारे प्रदेश के युवाओं को निराशा हाथ नहीं लगेगी। उनकी जो आशा है, उसके अनुरूप हमारी सरकार काम करेगी।

# मोदी पेपर लीक नहीं रोक पा रहे, 56 इंच का सीना अब 34-35 हो गया: राहुल गांधी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** नीट एग्जाम विवाद पर राहुल गांधी ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि कुछ कारणों से नरेंद्र मोदी भारत में पेपर लीक नहीं रोक पा रहे या रोकना नहीं चाह रहे हैं। पेपर लीक के पीछे कारण यह है कि एजुकेशन सिस्टम को भाजपा के पेरेंट ऑर्गनाइजेशन ने कैप्चर कर लिया है। जब तक इसे पलटा नहीं जाएगा, तब तक पेपर लीक जारी रहेगा। मोदी जी ने यह होने दिया है, जो कि एंटी-नेशनल एक्टिविटी है। पहले पीएम का 56 इंच का सीना था, अब 32-35 हो गया है। राहुल गांधी ने कहा कि हमने अपने मैनिफेस्टो में भी दिया था कि शिक्षा का सिस्टम एक संगठन ने कैप्चर कर लिया है। आप वाइस चांसलर्स की लिस्ट उठाकर देख लीजिए, तो आपको पता चल जाएगा। वाइस चांसलर्स को मेरिट के आधार पर नहीं, बल्कि इसलिए पद दिया जा रहा है कि वे एक खास संस्था के हैं। और इस ऑर्गनाइजेशन और भाजपा ने हमारे एजुकेशन सिस्टम में घुसकर इसे खत्म कर दिया है। बहुत जरूरी है कि जो लोग इसके पीछे जिम्मेदार हैं, उन्हें सजा दी जाए।

# महिलाओं को 50% आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने के खिलाफ प्रदेशभर में विरोध शुरू हो गया है। गुरुवार को जयपुर के शहीद स्मारक पर बड़ी संख्या में युवा प्रदर्शन करने पहुंचे। जिन्हें पुलिस टीम ने शहीद स्मारक में ही बंद कर दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों की पुलिस से बहस हो गई। पुलिस ने राजस्थान युवा शक्ति एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मीणा को हिरासत में ले लिया है।

मनोज मीणा ने कहा- राजस्थान की भजनलाल सरकार लोकसभा चुनाव में सिर्फ 11 सीट जीतकर आई हैं। अगर इस बिल को राजस्थान में लागू किया गया तो आने वाले विधानसभा चुनाव में 200 में से सिर्फ 11 सीट बीजेपी को मिलेगी। यह बिल पुरुष विरोधी है। अगर सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया तो हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे क्योंकि यह

### पुलिस और प्रदर्शनकारी आमने-सामने हुए, एक हिरासत में

पुरुष विरोधी फैसला है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शनकारी युवाओं ने कहा कि राजस्थान में पहले से ही महिलाओं को ग्रेड थर्ड टीचर भर्ती में 30 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा था। इसे बढ़ाकर बेवजह सरकार 50 फीसदी पर ले गई है। इससे पुरुष अभ्यर्थी के सिलेक्शन की संभावना कम हो रही है। ऐसे में सरकार को इस नियम पर पुनर्विचार कर संशोधन करना चाहिए।

### पहले मंत्रिमंडल में लागू करें आरक्षण

उन्होंने कहा कि अगर फिर भी सरकार इस नियम को लागू करना चाहती है। भजनलाल शर्मा को पहले इसे अपने मंत्रिमंडल में लागू करना चाहिए। जहां पर सिर्फ दो महिलाओं को ही जगह दी गई



है। उसके बाद सभी प्रशासनिक पदों पर इस नियम को लागू किया जाए। फिर उसके बाद ग्रेड थर्ड टीचर में इस पॉलिसी को लाया जाए।

### सीएम ने दी थी मंजूरी

दरअसल, सीएम ने राजस्थान पंचायती राज अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इस फैसले से महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलने की संभावना है। साथ ही सरकार का कहना है कि वे आत्मनिर्भर होकर सशक्त बन सकेंगी।

King Store
Prop. D.K.MEHTA





25, Tarkeshwar Market
Gopal Pura More, Jaipur
P.I. 9828073926

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## सम्पादकीय

### स्वदेशी लड़ाकू विमानों में अमेरिका, रूस और चीन की बराबरी

स्वदेशी रक्षा हथियारों के मामलों में भारत ने बड़ी छलांग लगाई है। ये भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। भारत ने अब अमेरिका, रूस और चीन की बराबरी कर ली है। हाल ही में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने भारत के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू मल्टीरोल फाइटर जेट एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के डिजाइन और विकास के लिए 15,000 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी दी है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के तहत एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करने और विमान को डिजाइन करने के लिए नोडल एजेंसी होगी। इसका निर्माण सरकारी स्वामित्व वाली हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की ओर से किया जाएगा।


यह विमान भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर देगा जिनके पास अपने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं। विमान में 6.5 टन क्षमता का एक बड़ा, छुपा हुआ आंतरिक ईंधन टैंक होगा, और इसमें कई तरह के हथियार रखे जा सकेंगे, जिनमें स्वदेशी हथियार भी शामिल हैं। इंजन में वायु प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए डायवर्टरलेस सुपरसोनिक इनलेट और रडार उत्सर्जन से इंजनों को बचाने के लिए सर्पेन्टाइन एयर इनटेक डक्ट जैसी अन्य विशेषताएं का हिस्सा होने की संभावना है। एएमसीए भारत का स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान होगा. स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस 4.5 पीढ़ी का सिंगल इंजन वाला मल्टीरोल विमान है। पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान को मौजूदा चौथी पीढ़ी के विमानों से अलग करने वाली मुख्य बात इसकी स्टील्थ विशेषताएं हैं। विमान में कम इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक सिग्नेचर होगा, जिससे दुश्मन के रडार के लिए इसे पहचानना मुश्किल हो जाएगा।

साथ ही, इसमें शक्तिशाली सेंसर और नए हथियार होंगे, इसलिए यह दुश्मन के विमानों के सिग्नेचर को रजिस्टर करने और उन्हें मार गिराने में सक्षम है। चौथी पीढ़ी के विमान को आमतौर पर इन स्टील्थ विशेषताओं के लिए डिजाइन या कॉन्फिगर नहीं किया जाता है, भले ही बाद में कुछ विशेषताएं जोड़ी जा सकती हैं लेकिन इससे भी यह पूरी तरह से पांचवीं पीढ़ी का विमान नहीं बन पाएगा। आंतरिक हथियार बे और एक बड़ा आंतरिक ईंधन टैंक जैसी स्टील्थ विशेषताएं एएमसीए जैसे पांचवीं पीढ़ी के विमानों का हिस्सा हैं। आंतरिक हथियार बे में चार लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और कई सटीक-निर्देशित युद्ध सामग्री ले जाई जा सकती हैं, जिसका पेलोड 1,500 किलोग्राम है। बाहरी ईंधन टैंक और बाहरी रूप से जुड़े हथियार इस विमान को और घातक बना देगा। विमान की सतह पर इस्तेमाल की जाने वाली विशेष सामग्री इसे रडार की पकड़ में आने से रोक लेगा। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू विमान के लिए अधिक उपयोग समय और छोटी सेवाक्षमता या रखरखाव अवधि सुनिश्चित करना होगा. कई संरचनात्मक घटकों पर नजर रखने और वास्तविक समय में विमान की स्थिति का आकलन करने के लिए एक व्यापक एकीकृत वाहन स्वास्थ्य प्रबंधन (आईवीएचएम) प्रणाली को शामिल करने से इसमें मदद मिलेगी।

# कश्मीर में प्रधानमंत्री मोदी के योग दिवस मनाने के साथ खुलेगा कश्मीर की तरक्की का मार्ग

**इस वर्ष का योग दिवस कार्यक्रम युवा मन और शरीर पर योग के गहरे प्रभाव को रेखांकित करता है। इस उत्सव का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने, योग के अभ्यास में हजारों लोगों को एकजुट करना है। 2015 से, प्रधान मंत्री मोदी ने दिल्ली, चंडीगढ़, देहरादून, रांची, लखनऊ, मैसूर और यहां तक कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में कर्तव्य पथ सहित विभिन्न प्रतिष्ठित स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) समारोह का नेतृत्व किया है।**

अशोक भाटिया



जिस कश्मीर में पहले आतंकवाद फैला हुआ था और लाल चौक पर तिरंगा फहराना भी आसान नहीं था आज प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को 21 जून (शुक्रवार) को श्रीनगर में मना रहे है, इस दौरान वह सभा को संबोधित करने के अलावा एक योग सत्र कार्यक्रम में भी भाग ले रहे है । योग के साथ - साथ प्रधानमंत्री मोदी जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे है । बयान में कहा गया है कि वह कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना (जेकेसीआईपी) भी लॉन्च करने के बाद प्रधानमंत्री 21 जून को सुबह लगभग 6:30 बजे श्रीनगर के एसकेआईसीसी में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग ले रहे है । वह इस अवसर पर सभा को संबोधित करेंगे और उसके बाद योग सत्र में भाग लेंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अनुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री का यहां होना पूरी कश्मीर घाटी के लिए सम्मान की बात है। सिन्हा ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यहां होना पूरी घाटी के लिए सम्मान की बात है। वह 21 जून को डल झील के किनारे 7,000 से अधिक लोगों के साथ योग करेंगे।' इस वर्ष की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में दोहरी भूमिका पर प्रकाश डालती है। यह आयोजन जमीनी स्तर पर भागीदारी और ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रसार को प्रोत्साहित करेगा। बयान में कहा गया है कि 20 जून को होने वाला कार्यक्रम- 'युवाओं को सशक्त बनाना, जम्मू-कश्मीर को बदलना'- क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था , जो प्रगति को प्रदर्शित करता है और युवा उपलब्धि हासिल करने वालों को प्रेरणा प्रदान करता है। गौरतलब है कि 10 साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था और पिछले साल न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पीएम मोदी के नेतृत्व में योग के वैश्विक उत्सव का नेतृत्व किया गया था। आपको बता दें कि इस वर्ष प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू और कश्मीर में रहना और उस समय डल झील के तट पर एक योग कार्यक्रम का नेतृत्व करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक पॉजिटिव मैसेज होगा। इसके अलावा इस यात्रा से जम्मू क्षेत्र में सिलसिलेवार आतंकी हमलों के बाद व्यापक चिंता को संतुलित करने की भी उम्मीद है। आपको बता दें कि आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद आतंकवादियों की प्रतिक्रिया और कश्मीर घाटी में रिकॉर्ड मतदान के बाद सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 21 जून को पीएम मोदी श्रीनगर में एक योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जिसमें उनके साथ करीब 9000 लोग योग करेंगे। जम्मू-कश्मीर के सभी 20 जिलों को वर्चुअली जोड़ने की योजना है। इस दौरान 2000 लोग हर जिले से जुड़ेंगे और जम्मू-कश्मीर से लगभग 50,000 लोग वर्चुअली जुड़ेंगे। इसका राज्यव्यापी असर होगा। आपको ये भी बता दें कि लगातार हो रहे आतंकी हमलों के बीच जम्मू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति का मतलब सरकार के विश्वास और जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि के लिए दीर्घकालिक योजनाओं का संकेत देना है। लोकसभा चुनाव के बाद और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की आहट के बीच पीएम मोदी की इस यात्रा को बड़े राजनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। पीएम मोदी की इस यात्रा से भारत और दुनियाभर में जम्मू-कश्मीर को लेकर एक पॉजिटिव सिग्नल भी जाएगा। क्योंकि मोदी के तीसरे कार्यकाल में सबसे चुनौतीपूर्ण कामों में जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा बहाल करना है। विधानसभा चुनाव के बाद ऐसा होने की उम्मीद है। दरअसल, लोकसभा चुनाव के बाद इस समय जम्मू-कश्मीर में भाजपा विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेजी दे रही है। 13 जून से लेकर 16 चली भाजपा की बैठकों में लोकसभा चुनाव के अनुभवों का इस्तेमाल विधानसभा चुनाव जीतने के लिए करने को लेकर मंथन हुआ था। इस बीच सोमवार को भाजपा हाईकमान ने केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाकर चुनाव की तैयारियों में पूरी ताकत झोंकने के संकेत दे दिए हैं। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में नवंबर-दिसंबर 2014 में विधानसभा चुनाव हुए थे। जून 2018 में बीजेपी के समर्थन वापस ले लेने से बीडीपी-बीजेपी गठबंधन सरकार गिर गई थी। तबसे यहां निर्वाचित सरकार नहीं है। 5 अगस्त 2019 में आर्टिकल 370 निरस्त होने के बाद तो जम्मू-कश्मीर दो अलग-अलग केंद्र शासित राज्य में बंट गया है। पीएम मोदी की इस यात्रा से जम्मू क्षेत्र में हाल में हुए आतंकी हमलों के बाद सुरक्षा को लेकर हो रही चिंताओं को संतुलित करने की उम्मीद है। क्योंकि आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद लोकसभा चुनाव में कश्मीर घाटी में रिकॉर्ड वोटिंग हुई। हालांकि, सुरक्षा को लेकर चिंताएं जाहिर की गई थीं।ऐसे में जम्मू क्षेत्र में प्रधानमंत्री की मौजूदगी का मतलब सरकार के भरोसे और जम्मू-कश्मीर में शांति, समृद्धि के लिए लॉन्ग टर्म प्लानिंग का संकेत देना भी है। मई 2022 के परिसीमन के बाद जम्मू संभाग में विधानसभा की 43 सीटें हो गईं, जबकि कश्मीर में 47 सीटें हैं। 2014 के विधानसभा चुनाव की बात करें, तो भाजपा नरेंद्र मोदी के चेहरे के भरोसे उतरी तो थी, लेकिन 'मोदी मैजिक' पूर्ण बहुमत के साथ पार्टी को जीत दिलाने में नाकाम रहा था। नतीजों में महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी 28 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी , जबकि बीजेपी 25 सीटों के साथ दूसरी बड़ी पार्टी बनी। नेशनल कॉन्फ्रेंस को महज 15 सीटों से संतोष करना पड़ा। कांग्रेस चारों खाने चित होकर चौथे नंबर पर पहुंच गई। जम्मू संभाग में विधानसभा की 43 सीटें हैं, जबकि कश्मीर में 47 सीटें हैं। बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा को 43 में से 14 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। उधमपुर व जम्मू लोकसभा सीट के सात विधानसभा हलकों भद्रवाह, डोडा, बनिहाल, इंद्रवल, आरएस पुरा-जम्मू दक्षिण, सुचेतगढ़, गुलाबगढ़ पर कांग्रेस से उसे कम मत मिले थे, तो राजोरी-पुंछ जिले की सात सीटों मेंढर, पुंछ हवेली, सुरनकोट, थन्नामंडी, बुद्धल, राजोरी व नौशेरा पर नेकां से हार का सामना करना पड़ा था।भाजपा को 2019 की तुलना में लगभग 22 फीसदी का नुकसान हुआ था। 2019 में उसे 46.39 प्रतिशत मत मिले थे। क्षेत्रीय दलों नेकां और पीडीपी को फायदा हुआ था। नेकां को 15 व पीडीपी को पांच फीसदी का नफा मिला था। 2019 में दोनों पार्टियों को क्रमशः 7.89 व 3.40 प्रतिशत मत मिले थे। भाजपा की जीत में राजोरी-पुंछ की निर्णायक भूमिका होगी। यहां पहाड़ियों की आबादी अच्छी तादाद में है। पहाड़ियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देकर भाजपा ने उनकी लंबी मांग को पूरा किया है। ऐसे में भाजपा को उम्मीद है कि पहाड़ी समुदाय के मतदाता उनका साथ देंगे। सत्ता संतुलन के लिए बनाई गई नई लोकसभा सीट अनंतनाग-राजोरी में भाजपा ने उम्मीदवार न उतारकर अपनी पार्टी का समर्थन किया था। अपनी पार्टी को मिले 1.42 लाख में से 92521 मत इन्हीं दो जिलों से मिले थे।

## आज का इतिहास

### 21 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुल्दल सेना ने 1576 में हल्दीघाटी की लड़ाई में राणा प्रताप सिंह को परास्त कर दिया।
- जॉन जेड हॉलवेल के नेतृत्व वाली अंग्रेज सैन्य टुकड़ी ने 1756 में बंगाल के नबाव सिराजउद्दौला के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उसी रात हुई एक नृशंस घटना में 123 अंग्रेज कैदियों की मौत हो गयी।
- मेडिकल में बैचलर डिग्री हासिल करने वाले जॉन आर्चर 1768 में पहले अमेरिकी बने।
- ज्ञानेंद्र मोहन टैगोर 'लिंकन्स इन' से वकालत की डिग्री हासिल करने वाले प्रथम भारतीय 1862 में बने।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1898 में स्पेन को हराकर गुआम पर कब्जा किया।
- बर्लिन पर 1944 को भाड़ी मात्रा में बमबारी की गई।
- कनाडाइ संसद ने 1947 में एकमत होकर शरणार्थियों को देश से बाहर करने का कानून पास किया।
- सी. राजगोपालाचारी 1948 में भारत के अंतिम गर्वनर जनरल बने।
- राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना 1949 में हुई।
- एलेन फेयरक्लो ने 1957 में कनाडा की पहली महिला कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।
- कार्डिनल जियोवानी बैट्टिस्टा मोन्टिनी पोप पॉल षष्ठम 1963 में चुने गए।
- वेस्टइंडीज टीम ने 1975 में पहला वर्ल्ड कप जीतने का गौरव हासिल किया था।
- मुस्तफा बुलेंट एसविट ने 1977 को तुर्की में सरकार का गठन किया।
- पी.वी.नरसिम्हाराव ने 1991 में भारत के नौंवे प्रधानमंत्री बनें।
- तमिलनाडु के कुडनकुलम में परमाणु ऊर्जा केंद्र स्थापित करने के लिए 1998 में भारत और रूस 2.5 अरब डॉलर के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- मनमोहन सिंह 1999 में भारत के वित्तमंत्री बने।
- कोसोवो लिबरेशन आर्मी (के.एल.ए.) तथा कोसोवो शांति सैनिक बल के बीच विसैन्यीकरण समझौता
- 1999 में संपन्न हुआ।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने 2001 में आतंकवादी विरोधी क़ानून बहाल किया, अमेरिका मुशर्रफ़ के राष्ट्रपति बनने से नाराज़।
- ज़मीरुद्दीन सरकार 2002 में बांग्लादेश के राष्ट्रपति बने।
- यूरोपियन यूनियन के 15 राष्ट्राध्यक्षों की 2002 को सेविलिया (स्पेन) में बैठक शुरू।
- जेके रोलिंग की पांचवी किताब हैरी पॉटर एंड द ऑर्डर ऑफ द फोनिक्स 2003 में जारी हुई।
- चीन ने 2004 में भारत और पाकिस्तान वार्ता का समर्थन किया।
- डोनाल्ड त्यांग 2005 में हांगकांग के नये प्रशासक बने।
- फ़िलिपीन्स में 2008 को विनाशकारी तूफ़ान फेंगसेन की चपेट में आने से सैकड़ों लोगों की मृत्यु।
- भारत की बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी सायना नेहवाल ने 2009 में सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीता। ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला हैं।
- ऑस्ट्रेलिया 2012 को जा रही नौका के डूबने से 90 शरणार्थियों की मौत।
- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 2012 में 11 सीमेंट कंपनियों को व्यापार संघ बनाकर कीमत का निर्धारण करने का दोषी ठहराते हुए 6000 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया।
- पाकिस्तान के पेशावर में 2013 को एक मस्जिद में बम विस्फोट में बड़ी संख्या में लोगों की मौत।

## कांग्रेस का मोदी की इटली यात्रा पर सवाल-अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले का डर तो नहीं !

रामस्वरूप रावतसरे

जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया इटली यात्रा तीसरे कार्यकाल में उनकी पहली विदेश यात्रा और सात देशों के समूह के बैठक (जी-7) में जाने का उनका पांचवां कार्यक्रम था। हालांकि इटली में उनके गर्मजोशी से हुए स्वागत ने कई लोगों, विशेष रूप से इसने कांग्रेस पार्टी को परेशान कर दिया। क्योंकि कांग्रेस पीएम मोदी की इटली यात्रा के पीछे के उद्देश्य पर सवाल उठाती रही। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की नाराजगी का कारण अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला (वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाला) का ''डर'' हो सकता है, जो उसे परेशान कर रहा है। खासकर ऐसे समय में जब वह लोकसभा चुनाव में पार्टी की सफलता का जश्न मना रही है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी सवाल किया, ''जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी की इटली यात्रा के बारे में कांग्रेस लगातार क्यों शिकायत कर रही थी'' और उन्होंने यह भी विवरण साझा किया कि सबसे पुरानी पार्टी को क्या परेशान कर रहा है। एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय दैनिक ने सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया कि इटली ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले पर अपनी अदालत के 225 पृष्ठों के विस्तृत फैसले और रिश्वत घोटाले से संबंधित कुछ दस्तावेजों को भारत के साथ साझा किया है। इससे साफ है कि ये दस्तावेज पूरे खेल को पलट सकते हैं और भारत में उच्च प्रोफाइल वाले राजनेताओं और बिचौलियों को उनके इस अपराध के लिए दंडित किया जा सकता है। इन दस्तावेजों के आधार पर यह भी दावा किया गया है कि अब इस वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाले में जांच और अभियोजन गति पकड़ सकता है। बता दें कि 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी जब पहली बार भारत के प्रधानमंत्री बने, उसके लगभग 8 महीने पहले, इटली की एक अदालत ने भारत से जुड़े सबसे बड़े रिश्वत घोटालों में एक हाई प्रोफाइल कंपनी के सीईओ, एक इतालवी रक्षा कंपनी के अध्यक्ष और दो बिचौलियों सहित चार लोगों को दोषी ठहराते हुए एक फैसला सुनाया था। इस मामले में वहां की अदालत में दर्ज अभियुक्तों के पूरे बयान, अपीलों का पूरा लेखा-जोखा और अदालत के अंतिम फैसले को 2013 में भारत के दबाव में तत्कालीन इतालवी सरकार द्वारा कभी भी सार्वजनिक नहीं किया गया था, क्योंकि इससे भारत के राजनीतिक और नौकरशाही प्रतिष्ठानों में भूचाल आ सकता था। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले से जुड़ें इन दस्तावेजों के जरिए जो खुलासा होता उससे भारत के प्रमुख राजनीतिक परिवार और बिचौलियों के पूरे नामों का खुलासा हो जाता, जिन्हें अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले में 600 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत मिली थी। इस मामले में भारत में इसको लेकर रिश्वत प्राप्त करने वालों के नाम इतालवी अदालत के दस्तावेजों में सील कर दिए गए। हेलिकॉप्टर घोटाला भले ही भारत में अंजाम तक नहीं पहुंचा हो, लेकिन इतालवी अदालत ने भारतीय समकक्षों को रिश्वत देने वालों को इस मामले में दोषी ठहराया है। अब बताया जा रहा है कि इटली के द्वारा भारत को सौंपे गए सीलबंद इतालवी दस्तावेजों में रक्षा घोटाले में रिश्वत पाने वालों के नाम भी हैं। इससे यूपीए-2 के दौरान सत्ता में बैठे लोगों के लिए खतरे की घंटी बजना तय है और सबसे बड़े रक्षा घोटालों में से एक, जो एक दशक तक दबा रहा, वह अब कभी भी बाहर आने के लिए तैयार नजर आ रहा है।

## विशेष आलेख

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# योग की वैश्विक स्थापना एवं मान्यता

योग अब भारत के साथ विश्व स्तर पर फिर दस्तक देने लगा है, संयुक्त राष्ट्र संघ में योग को मान्यता देते हुए 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने का संकल्प लिया था और तब से लगातार प्रतिवर्ष विश्व योग दिवस मनाया जाता है। रोगों की रोकथाम में भी योग की सहायता लेकर प्राणायाम अनुलोम विलोम,भक्तिका जैसे योगासन फेफड़ों के लिए अत्यंत कारगर उपाय की तरह माने जा रहे हैं। पर्यावरण प्रदूषण के रोकथाम में भी योग काफी हद तक कारगर है अतः संक्रमण में योग का सहारा लेकर अपने शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। भारतीय योग विद्या अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो चुकी है एवं कॅरोना जैसे संक्रमण से बचने के लिए योग अभ्यास को अपनाने से इससे बचा जा सकता है। भारतीय वैदिक योग विद्या ने अंतराष्ट्रीय स्वरूप ले लिया है, योग अब न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। भारतीय योग गुरुओं के वर्तमान में लाखों विदेशी शिष्य भी बन चुके हैं।योग एक आत्म केंद्रित शारीरिक क्रिया तथा प्रक्रिया है। इसके लिए किसी विशेषज्ञ की आवश्यकता भी नहीं होती ना किसी महंगी सहायक सामग्री की भी। इसीलिए योग एक रोग निवारक उपाय के रूप में धीरे धीरे व्यापक जन समर्थन प्राप्त करता जा रहा है। योग प्रक्रिया में किसी अनावश्यक धन खर्च की आवश्यकता भी नहीं है और इसमें किसी विशेषज्ञ अथवा स्पेशलिस्ट व्यक्ति को भारी धन खर्च कर उस से ज्ञान लेने की आवश्यकता भी नहीं है। इसीलिए योग रोग निवारक उपाय की तरह ग्रामीण तथा शहरी भारत आदिवासियों महिलाओं के साथ युवाओं, विद्यार्थियों ,गर्भवती माताओं, किशोरियों आदि में नित नई बीमारियों के उन्मूलन में अत्यधिक उपयोगी साबित भी होता जा रहा है। योग से न सिर्फ शरीर एवं मानसिक शक्ति में वृद्धि होती है बल्कि इससे आर्थिक लाभ प्राप्त होने लगे हैं ।योग से अर्थव्यवस्था सुधारने की क्षमता भी बढ़ती आंकी गई है। योग से अर्थव्यवस्था को सुधारने में अग्रणी भूमिका निभाने में बहु उपयोगी है। योग गुरुओं के रूप में नए रोजगार का अवसर ग्रामीण टूरिज्म, योग टूरिज्म, विदेशी मुद्रा की प्राप्ति व्यक्ति की उत्पादन क्षमता में बढ़ना और योग सामग्री का नया बाजार विकसित धीरे-धीरे होने लगा है। योग के प्रचार प्रसार होने तथा इसके लाभों को जन जन तक पहुंचाने के परिणाम स्वरुप आम लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ने लगी है ।फल स्वरूप स्कूल कालेजों तथा अन्य कॉरपोरेट सेक्टर के संस्थानों में योग शिक्षकों की मांग बढ़ने की संभावना बलवती हो गई है। बाबा रामदेव, अयंगर स्वामी, सतगुरु स्वामी ,विक्रम योगी जैसे गुरुओं की तरह अन्य योग के गुरुओं की मांग बेरोजगारी को कम करने में सहायक होगी तथा युवाओं को रोजगार का सतत एवं स्थापित रोजगार प्राप्त होगा। योग के प्रचार प्रसार बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन अर्थ लाभ की प्रक्रिया शुरू होना शुरू होगी तथा ग्रामीण पर्यटन के इजाफे के साथ साथ अन्य क्षेत्र में समग्र रूप से रोजगार बढ़ने की संभावना दिखाई देने लगी है। योग के अवसर शहर के प्रदूषण से दूर ग्रामीण क्षेत्रों की प्राकृतिक छटा के मध्य योग केंद्र स्थापित होने के साथ-साथ यह धन लाभ की योजनाओं को भी सृजित करते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक तथा राजनयिक प्रयत्न के फल स्वरुप संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इसे वैश्विक मान्यता प्रदान करने के लिए 21 जून को प्रतिवर्ष वैश्विक योग दिवस मनाने की महत्वपूर्ण शुरुआत की गई। यह अत्यंत महत्वपूर्ण बात है कि भारत के इस संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बनाने हेतु प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र संघ में सबसे शीघ्रता से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया और विश्व के सभी देशों पर का पक्षों ने जिस पर आम सहमति दर्शाई थी। योग वैश्विक स्तर पर चर्चित एवं प्रसिद्ध होने से पश्चिम से लेकर पूरब तक योग की महत्ता पर लोगों ने इसे अपने जीवन का अंग बना



कर इसे वरीयता प्रदान करना शुरू कर दिया है। अब हर वर्ष 21 जून को न सिर्फ भारत में बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य देशों में भी वैश्विक योग दिवस के रूप में योग प्रक्रिया तथा प्रक्रिया का प्रदर्शन तथा योग क्रिया की जाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के पश्चात योग द्वारा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति भी होने लगी है तथा इससे फॉरेन एक्सचेंज भी मजबूत होने लगा जिसके फलस्वरूप योग्य के प्रति पश्चिम के लोगों में बढ़ते आकर्षण ने ही बाबा रामदेव देव जैसे योग गुरु को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। और यही कारण है कि बड़ी संख्या में विदेशी यात्री भी योग सीखने भारत आते हैं तथा भारत की पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने लगे हैं। इससे हमारे देश का विदेशी मुद्रा का संचयन धीरे धीरे बढ़ने लगा है। योग के प्रसिद्ध होने के साथ-साथ इसके अनेक केंद्र भारत तथा विदेशों में खुलने से भारत सरकार को विदेशी मुद्रा से भारी आर्थिक लाभ होना भी सुनिश्चित होने लगा है। अतः योग सिर्फ रोग निवारक ना होकर मानसिक, शारीरिक क्षमता को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था की स्थिति को सुधारने में सहायक हो गए हैं। इसके साथ ही योग प्रक्रिया के प्रचार प्रसार से योग से संबंधित समस्त सामग्रियों की मांग बढ़ने के साथ-साथ अनेक रोजगार के अवसर में वृद्धि हुई है। योग वर्तमान में ही नहीं ऐतिहासिक रूप से भी वेदों में भी योग तथा शारीरिक क्रियाओं का विस्तृत वर्णन है।अतः हमें शारीरिक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार लाने की आवश्यकता होगी। देश में लगभग सभी स्कूलों कॉलेजों में अब योग शिक्षकों की तथा योग कक्षाओं की अनिवार्यता की जाने वाली है। जिससे देश की आने वाली पीढ़ी तथा देश के आने वाले नागरिक भी स्वस्थ मानसिक एवं शारीरिक क्षमता के साथ अपने रोजगार अवसरों में अपना 100% योगदान प्रदान करेंगे, जिससे भारत में उत्पादक क्षमता में बढ़ने की आशा की जा सकती है।

योग से शारीरिक क्षमता बढ़ने के साथ-साथ कार्यकुशलता भी विशेषज्ञता के साथ वृद्धि करती रहती है। योग के लिए केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों को बहुआयामी तथा पंचवर्षीय योजनाओं के साथ कार्य योजना तैयार कर किसके कौशल विकास को बढ़ावा देकर तथा कृषि विकास, उद्योग विकास का लघु एवं मध्यम उद्योग की स्थापना के साथ योग को ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक रोजगार सृजित करने की आवश्यकता होगी। योग की प्रक्रिया तथा इसकी योगिक क्रियाओं से ग्रामीण भारत में बीमारी, कुपोषण, गरीबी पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अल्प विकास जैसी बुराइयों से बाहर निकलना खुलकर योग को प्रचारित प्रसारित करते हुए आय के साधन का बड़ा स्रोत बनाने की परम आवश्यकता है। दूसरी तरफ केवल सरकारी प्रयासों से ही यह संभव न होकर आम जनता और आम नागरिकों को भी इसमें अथक मेहनत करनी होगी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी शिकायत रहेगी। वैवाहिक जीवन में मधुरता का अनुभव होगा। सरकारी कामकाज शीघ्रता से पूरे होंगे। शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है।

**वृष**
आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा। अधिकारियों और बुजुर्गों की कृपादृष्टि रहेगी। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मिथुन**
आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आज आपका काफी धन खर्च होगा।

**कर्क**
किसी भी मामले में बिना विचारे काम से हानि ही होगी। सरकारी काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। विद्यार्थी पढ़ाई में रुचि बनाए रख सकेंगे। आकस्मिक धन खर्च होगा। संतान को लेकर चिंता रहेगी।

**सिंह**
सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा। संतान के पीछे पैसे खर्च होंगे। कलाकारों एवं खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिक्षा दर्शाने के लिए उत्तम समय है। दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

**कन्या**
आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता नहीं मिलने से मन में खिन्नता रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा। यात्रा के लिए योग्य समय नहीं है। सामाजिक काम में यात्रा के योग हैं।

**तुला**
आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। नौकरी-धंधे में तकलीफ और अवरोध उत्पन्न होंगे। ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद में पड़ने से हानि होने की आशंका रहेगी।

**वृश्चिक**
असंतोष की भावना से मन चिंतित रहेगा। आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है।

**धनु**
आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद बढ़ेंगे। क्रोध और आवेश पर नियंत्रण रखना पड़ेगा।

**मकर**
दांपत्य जीवन में परेशानी आ सकती है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा। अधीनस्थ व्यक्ति तथा नौकरवर्ग से परेशानी का अनुभव होगा। गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है।

**कुंभ**
ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा। पदोन्नति मिलने के योग हैं। पारिवारिक सदस्य तथा मित्र मंडल के साथ खुश रहेंगे। व्यापारी वर्ग को लाभ होगा। उत्तम वैवाहिक सुख प्राप्त होने की संभावना है।

**मीन**
भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझनपूर्ण स्थिति में रखेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे। मित्रों सगे- स्नेहियों और पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। आर्थिक दृष्टि से आपको लाभ होने का योग है।

# जिला कलेक्टर सौम्या झा ने निवाई की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

## मानसून पूर्व सभी नालों की सफाई करने के दिए निर्देश, स्वामी विवेकानन्द पार्क में लगाया पौधा





बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** जिला कलेक्टर सौम्या झा ने उपखण्ड निवाई का दौरा करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर सौम्या झा ने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में विभागाध्यक्षों की आवश्यक बैठक ली। जिला कलेक्टर सौम्या झा ने निर्देशित करते हुए कहा कि शहर नालों व नालियों सहित शहर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने उपखण्ड में पेयजल आपूर्ति के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं जहां पानी की समस्या है उन गांवों व वार्डो में समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसडीएम कार्यलय के पीछे स्थित चौधरी कॉलोनी में भरने वाले बरसाती पानी की निकासी के लिए हाइवे के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर आवश्यक निस्तारण हेतु पाबंद किया। इसके बाद जिला कलेक्टर ने शहर के झिलाय रोड पर स्थित नाले का निरीक्षण किया तथा श्याम मन्दिर के पास की नालियों की सफाई हेतु अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट को निर्देशित किया। श्याम मन्दिर के सामने स्थित स्वामी विवेकानन्द पार्क में जिला कलेक्टर ने पौधारोपण किया।

**मूंडिया चौपाल में जिला कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश :** ग्राम पंचायत मूंडिया के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर बुधवार की रात जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल में बिजली, पानी, सडक सहित अनेक जन समस्याएं लेकर ग्रामीण पहुंचे। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर झा को अवगत करवाया कि भीषण गर्मी में बिजली की अनावश्यक कटौती की जा रही है जिससे पेयजल की समस्या बढ रही है। साथ ही गर्मी से लोग बेहाल है। इस पर जिला कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने पेयजल संकट के समाधान के लिए क्षेत्र में खराब पडे हेण्डपंपों को ठीक करवाने की मांग की है। इस पर जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर हेण्डपंपों को शीघ्र ठीक करवाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी को मानसून पूर्व की सभी व्यवस्थाएं करने के लिए निर्देशित किया। मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को पूर्व तैयारी करने के निर्देश दिए है। जिला कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को सार्वजनिक चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

# मॉडल स्कूल की प्रतिष्ठा ने राज्य स्तर पर लहराया परचम



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा प्रतिष्ठा कुमावत ने भारत सरकार एवं आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित योगा कंपटीशन 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त कर टोंक जिले का गौरव बढ़ाया है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि भारत सरकार एवं आयुष मंत्रालय द्वारा जयपुर मे आयोजित योगा कंपटीशन में संपूर्ण राजस्थान के लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें छात्रा प्रतिष्ठा कुमावत ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। छात्रा ने लगातार विगत तीन-चार वर्षो से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई योगा ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने नाम की प्रतिष्ठा को बरकरार रखा है। इस उपलब्धि के लिए समस्त विद्यालय परिवार ने छात्रा को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई : अधिकारी परिवादियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर उन्हें तत्काल राहत पहुंचाए : डॉ. सौम्या झा




बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला मुख्यालय के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय एवं वीडियों कॉन्फ्रेंस से जुड़े ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जनसुनवाई में आए परिवादियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक, चारागाह एवं सिवायचक भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। इसलिए इन अतिक्रमणों पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएं। साथ ही, अतिक्रमियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करें। जिला कलेक्टर ने परिवादियों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। सार्वजनिक निर्माण विभाग के संबंधित प्रकरणों में टोंक शहर के मोहल्ला गोल से आए तुर्राब अली ने सड़क तोड़ने के कारण आमजन की परेशानी को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इसी तरह तहसील टोंक की ग्राम पंचायत चंदलाई के रामलाल बैरवा ने विद्युत कनेक्शन की गुहार लगाई। ग्राम मंडावर के रतन लाल ने बिजली के कम वोल्टेज आने के संबंध में अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इसी तरह सोनवा निवासी श्योजी लाल गुर्जर ने नल जल योजना में कार्यवाही करने को कहा। निवाई के ग्राम खंड देवत निवासी लक्की एवं उनियारा के ग्राम बिणजारी के जहरूद्दीन ने अतिक्रमण हटाने के बारे में बताया। बनवारी लाल सैन ने पट्टा चाहने की गुहार लगाई। विश्राम नगर कॉलोनी निवासियों ने लाइट नहीं आने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। शहर के छावनी निवासी राजेश जाट ने पीने के पानी की व्यवस्था करने का प्रार्थना पत्र दिया। जाटा पाड़ा संघपुरा निवासी अशोक बैरवा ने विद्युत समस्या से जिला कलेक्टर को अवगत कराया। श्रीपुरा ग्राम से आए राजेंद्र मीणा ने पेयजल समस्या से अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद आयुक्त, जलदाय विभाग एवं पुलिस को समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में आये प्रकरणों को जिला कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शहर एवं ग्राम वासियों को हो रही परेशानी का स्थायी समाधान करने के लिए निर्देशित किया। विद्युत एवं पानी की शिकायतों के संबंध में जिला कलेक्टर ने विद्युत एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण करने पर जोर दिया। जनसुनवाई में आये कुल 135 प्रकरणों में पेंशन, आवासीय पट्टे दिलवाने, सुचारू विद्युत एवं पेयजल सप्लाई, सड़क निर्माण, साफ-सफाई के संबंध में आये परिवादों को जिला कलेक्टर ने धैर्यपूर्वक सुनकर जनसुनवाई में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एडीएम सुरेश चौधरी, सहायक निदेशक लोक सेवाएँ जावेद अली, उपखंड अधिकारी राहुल सैनी, पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर, सीडीईओ पन्नालाल बैरवा, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता राहुल असीवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ढाई घंटे बिजली बंद रहेगी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** रेलवे स्टेशन व रीको जीएसएस पर रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर शुक्रवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में ढाई घंटे बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि रेलवे स्टेशन पावर हाउस व सुशील फीडर प रखरखाव का कार्य किया जाएगा। जिसको लेक सुबह 6-30 से 9 बजे तक खंडदेवत रोड, वनस्थली मोड, जमात, कालु पटेल की ढाणी, हाड़ावाली ढाणी, कच्ची बस्ती, पांच कुआं, पंप हाउस, महाराजपुरा व आलियाबाद मोड सहित आसपास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

## ग्राम पंचायत ने हटाया आम रास्ते से अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा ( नि.स. )।** हतौना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कई वर्षो से हो रहे अतिक्रमण को प्रशासन ने हटाया। पंचायत मुख्यालय के पास ठाकुर जी मंदिर से सार्वजनिक पनघट के रास्ते पर लोगो के द्वारा अतिक्रमण करने से रास्ता अवरुद्ध हो रहा था। गुरुवार को ग्राम पंचायत प्रशासन ने मौके पर पहुच कर जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाया। सरपंच सीता गुर्जर ने बताया कि रास्ते के दोनों ओर कई लोगो ने अवैध कब्जे कर अतिक्रमण कर लिया था। इसकी ग्रामीणों द्वारा कई मर्तबा शिकायत की गई थी। आम रास्ता बाधित होने से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्राम पंचायत द्वारा अवैध अतिक्रमण चिन्हित किए जाने के बाद प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाया गया। उक्त रास्ते में सीसी रोड़ का निर्माण करवाया जावेगा। जिससे लोगो को आवागमन मैं समस्या नहीं होगी।

# उपखंड स्तरीय योग शिविर कृषि मंडी में आज

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** शुक्रवार को आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस की अंतिम तैयारियों को लेकर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया एवं कृषि मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी ने योग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी व्यापारियों को योग स्थल से माल हटवाने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में योग करने के लिए योग शिविर में भाग लेवें। आयुर्वेद विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्र गुप्ता एवं सहायक नोडल अधिकारी देवेंद्रकुमार शर्मा ने बताया कि योग शिविर में विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, प्रधान रामअवतार लांगड़ी सहित शहर के जनप्रतिनिधि, चिकित्सा, शिक्षा, आईसीडीएस, विद्युत विभाग, सांख्यिकी विभाग सहित उपखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि योग स्थल पर कार्यक्रम में योग शिक्षक रामकिशन गुर्जर द्वारा योग करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि योग शिविर स्थल पर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

# दो जीएसएस अध्यक्षों ने लिया उन्नत कृषि योजनाओं का प्रशिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** नटवाड़ा राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान जयपुर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में टोंक जिले से दो उत्कृष्ठ ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्षो ने शिविर में भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। जयपुर में 18 व 19 जून को आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मंडावर जीएसएस अध्यक्ष देवलाल गुर्जर एवं हिंगोनिया अध्यक्ष जीएसएस श्योजीराम गुर्जर ने नैनो यूरिया, डीएपी, ट्रैक्टर,आधुनिक कृषि यंत्र ड्रोन, ड्रिप सिंचाई सहित विभिन्न उन्नत कृषि योजनाओं का प्रशिक्षण लिया।

# तेज रफ्तार बाइक ने भाजपा पार्षद को मारी टक्कर कलेक्ट्रेट के सामने पैदल घर जाते समय हादसा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** सवाई माधोपुर कलेक्ट्रेट के सामने गुरूवार को एक तेज रफ्तार बाइक ने पार्षद अभयंकर शर्मा को टक्कर मार दी। पैदल घर जाते समय यह हादसा हुआ, जिससे पार्षद शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने निजी वाहन से घायल पार्षद को ट्रक यूनियन स्थित सिटी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अपेक्स रणथम्भौर सेविका अस्पताल रेफर कर दिया।

घायल पार्षद एडवोकेश अभयंकर शर्मा हाउसिंग बोर्ड निवासी है। वर्तमान में वे वार्ड नंबर 22 से भाजपा के पार्षद है। हादसे के बाद बाइक सवार बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक को मानटाउन थाना पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक पार्षद अभयंकर शर्मा रोज की तरह ही कलेक्ट्रेट परिसर में अपना वकालत का काम कर कलेक्ट्रेट परिसर से बाहर निकले ही थे। इस दौरान वे अपने घर जाने के लिए पैदल ही सिटी बस स्टैंड अंबेडकर सर्किल जा रहे थै। तभी पीछे से आई एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हे टक्कर मार दी। इसमे एडवोकेट व भाजपा पार्षद अभयंकर शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका फिलहाल रणथंभौर सेविका अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस बाइक सवार की तलाश कर रही है।

## बाईक के सामने आया पशु, बाईक फिसलने से बाईक सवार दो घायल

बढ़ता राजस्थान

निवाई( का .स .)। दतवास थाना क्षेत्र के गांव सेदरिया मोड़ के समीप एक पशु बाईक के सामने आ जाने से बाईक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे बाइक सवार दो जने गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंसकर्मी राकेश मीणा व पायलट कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचकर घायलों को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में भर्ती करवाया। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल भारत मीणा पुत्र रामकिशोर मीणा व लक्ष्मण पुत्र श्रवण मीणा दोनों निवासी गुड्डा आनंदपुरा को गंभीर हालत में जिला सआदत हॉस्पिटल टोंक रेफर कर दिया।

## धोखाधड़ी मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

निवाई( का .स .)। पुलिस ने एक वर्ष से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निकट सुपरविजन में कार्रवाई को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी एलआईसी किस्त जमा नहीं करने के धोखाधड़ी मामले में फरार चल रहा था। आरोपी लगातार अपनी पहचान व ठिकाना बदल कर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के ठिकाने पर दबिश देकर आरोपी कमलेश किराड़ पुत्र बजरंगलाल निवासी बपूंई थाना बौंली हाल निवासी तिरुपति बालाजी नगर निगम बुद्धसिंहपुरा थाना सांगानेर को जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी थाने का टॉप 10 वांटेड अपराधियों की सूची में शामिल है।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेशकुमार चौधरी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, छाया रहा बिजली पानी का मुद्दा

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू ( नि.स. )।** उप तहसील मुख्यालय रानोली में बुधवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर देर शाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेशकुमार चौधरी की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में 12 परिवाद आवेदन हुए। ग्रामीणों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को अघोषित बिजली कटौती के बारे में जानकारी दी तो बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा कि लोडसेटिंग के चलते बिजली कटौती की जाती है। लोड सेटिंग का कोई समय निर्धारित नहीं होता है। वही पानी की समस्या को लेकर वार्ड नंबर 7 में कई दिनों से पानी नहीं आ रहा है। जिसपर जलदाय विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल्दी ही निराकरण किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले बीस दिनों से पानी नहीं आने की शिकायत करने के बाद भी जलदाय विभाग द्वारा पूरे गांव में जगह जगह अवैध रूप से नल कनेक्शन को नहीं काटा गया।

भीषण गर्मी के चलते आमजन को पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कार्यवाही के नाम पर केवल महज खानापूर्ति नजर आ रही है। जिससे चलते ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से अवैध कनेक्शनों को बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को लेकर कोई भी लापरवाही नहीं बरतें। जलदाय विभाग के अधिकारियों को जल्दी ही निराकरण के निर्देश दिए। वही तेजाजी चौक से रामलाल मीणा के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए अवगत करवाया। पंचायत प्रशासन ने पंद्रह दिन में सीसी रोड़ निर्माण करने के लिए कहा गया। वही रोड़ लाईट लगवाने के लिए अवगत करवाया गया तो पंचायत प्रशासन ने जल्दी ही गांव में रोड़ लाईट लगवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पीपलू उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा, विकास अधिकारी राजेशवरी यादव, नायब तहसीलदार श्रीवर्धन शर्मा, सहायक विकास अधिकारी प्रहलाद बैरवा, सरपंच ममता रामेश्वर सेनी, ग्राम विकास अधिकारी मुकेशकुमार गुर्जर, कनिष्ठ सहायक विक्रम बांसीवाल, चिकित्सा अधिकारी डॉ जितेंद्रकुमार शर्मा, डा. पवन हाथीवाल, झिराना थाना अधिकारी राजेशकुमार गुर्जर, भरत मीणा, पटवारी मनोजकुमार शर्मा, प्रांशु विजयवर्गीय, जलदाय विभाग के एईएन दीपक पारीक, बिजली विभाग जेईएन रवि स्वर्णकार, अंकितकुमार गुप्ता, टेक्नीशियन मनराज सैनी, शिक्षा विभाग प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार विजयवर्गीय, पीडब्ल्यूडी देवीराम मीणा, कृषि विभाग से रामजीलाल गुर्जर, जीतु वर्मा, महिला बाल विकास से इंद्रा गोठवाल, सुनीता गुंशारिया, पशु चिकित्सालय हेतराम जाट, अशोककुमार जांगिड़, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीना देवी सहित कई विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।



# राजस्थान यूनिवर्सिटी में वसूली के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान यूनिवर्सिटी में रिवैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) के नाम पर होने वाली वसूली को लेकर गुरुवार को प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस ने मौके से 5 छात्रों को हिरासत में भी लिया। गुस्साए छात्रों ने प्रशासनिक भवन (एडम ब्लॉक) के ताला लगा दिया। दरअसल, यूनिवर्सिटी में सुबह 11 बजे छात्र नेता शुभम रेवाड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र प्रदर्शन करने पहुंचे थे। छात्रों ने एडम ब्लॉक के गेट पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ छात्र प्रशासनिक भवन में घुस गए और गेट पर ताला लगा दिया। प्रदर्शन को देखते हुए गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को खदेड़ने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। इसके बाद पुलिस टीम ने एडम ब्लॉक में धरना दे रहे 5 छात्रों को हिरासत में ले लिया है।

**छात्रों की जायज मांग को दबाने की कोशिश की गई :** शुभम रेवाड़ ने बताया के इसको लेकर हम शांतिप्रिय तरीके से विरोध कर रहे थे। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने मौके पर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर आम छात्रों की जायज मांग को दबाने की कोशिश की। हम डरने वाले नहीं हैं। हम एक बार फिर छात्रों की समस्या को लेकर बड़ा आंदोलन करेंगे। इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन जिम्मेदार होगा।

**वसूली की जा रही :** शुभम ने कहा के पिछले कुछ सालों से राजस्थान यूनिवर्सिटी का जब भी रिजल्ट आता है। उसमें लगभग 80-90 प्रतिशत विद्यार्थियों को फेल कर दिया जाता है। कुछ सब्जेक्ट्स में बैक लगा दी जाती है। इसके बाद रिवैल्यूएशन के नाम पर छात्रों से 430 रुपए वसूले जाते हैं। इसके बाद फेल होने वाले अधिकतर छात्रों को पास कर दिया जाता है। इससे साफ जाहिर होता है कि गलती यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों से ही हुई। इस पूरे काम में यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और बड़े अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल है। इसी वजह से सालों से यह काला कारनामा चल रहा है। इसका भुगतान भी छात्रों से वसूला जाता है। जो पूरी तरह गलत है। इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**डिजिटल होगी पुर्नमूल्यांकन की व्यवस्था :** कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने कहा- रिवैल्यूएशन में हर बार प्रोफेसर की गलती नहीं होती है। कई बार छात्रों के नंबर बढ़ने की जगह कम भी हो जाते हैं। इसलिए इस तरह का आरोप लगाना गलत है।

हालांकि कई बार छात्रों के नंबर बढ़ भी जाते हैं। ऐसे में इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए हम पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया को डिजिटल करने के प्रयास कर रहे हैं। जिसके बाद बहुत जल्द यूनिवर्सिटी में पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया डिजिटल तौर पर शुरू हो जाएगी। जिससे छात्रों को इस तरह की समस्या से परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## जगतपुरा पुलिया के नीचे मिला युवक का शव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रामनगरिया थाना इलाके में जगतपुरा पुलिया के नीचे गुरुवार सुबह युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शव के सिर में लगी चोट से खून बह रहा था। युवक के घर नहीं लौटने पर परिजन ढूंढने निकले थे। इस दौरान शव पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पोस्टमॉर्टम के लिए शव को जेएनयू हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस के अनुसार गुरूवार सुबह करीब सात बजे जगतपुरा पुलिया के नीचे फुटपाथ किनारे एक युवक की लाश पड़ी मिली। मृत युवक के सिर में चोट लगने से खून बहता मिला। लाश मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। मृतक की पहचान गजेन्द्र मीणा (40) पुत्र मिंडूराम मीणा निवासी मानपुर दौसा हाल 7-नंबर चौराहा जगतपुरा के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जेएनयू हॉस्पिटल की मोर्चरी भिजवाया। पुलिस के अनुसार घर नहीं लौटने पर परिजन उसको ढूंढ रहे थे। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि गजेन्द्र मीणा नशा करने का आदी था। रात के समय नशे में पुलिया के नीचे फुटपाथ पर बैठते समय गिर गया। जमीन से सिर टकराने से खून बहने लगा। ज्यादा नशे में होने के कारण उठ नहीं सका। नशे की ओवरडोज व गर्मी के चलते उसकी मौत हुई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में ही मौत के कारण का पता चलना बताया गया है।

## सीएसटी ने अवैध हथियार सहित एक बदमाश को पकडा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ऑपरेशन (आग) के तहत मानसरोवर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को पकडा है और उसके पास से एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस सहित परिवहन में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो लग्जरी कार बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) दिगंत आनन्द ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत मानसरोवर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने वाले सूरज त्यागी निवासी कौलारी जिला धौलपुर हाल शिप्रापथ जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस सहित परिवहन में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो लग्जरी कार जब्त की है। आरोपित सुरज त्यागी यह अवैध हथियार धौलपुर से लाना एवं आसपास के लोगों में दहशत फैलाकर अपना वर्चस्व बनाये रखना बताया।

## बॉलीवुड एक्ट्रेस महक चहल ने किया मिस्टर जयपुर ऑफ द ईयर का खिताब उदित सिंह जघीना के नाम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** स्टार क्रिएशन्स की तरफ से लखनऊ में आयोजित टाइम्स रनवे नाइट और इंडियन आइकॉनिक अवॉर्ड सेरेमनी 2024 में बॉलीवुड और टीवी एक्ट्रेस महक चहल ने मिस्टर जयपुर ऑफ द ईयर का खिताब भरतपुर के गांव जघीना निवासी उदित सिंह जघीना के नाम किया। इंडियन आइकॉनिक अवार्ड्स और रनवे नाइट शो के आयोजक नितुल श्रीवास्तव या निर्देशक सूरज श्रीवास्तव रहे। इंडियन आइकॉनिक अवॉर्ड 2024 सेरेमनी में देश भर से काफी मॉडल्स ने भाग लिया और चुनिंदा मॉडल्स को ही अवार्ड दिया गया, जिसमें बॉलीवुड एंड टीवी एक्ट्रेस महक चहल ने मिस्टर जयपुर ऑफ द ईयर का खिताब उदित सिंह जघीना को प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि उदित सिंह जघीना वर्ष 2021 में मिस्टर स्टार ऑफ राजस्थान और 2022 में स्टार ऑफ इंडिया के खिताब से भी नवाजे जा चुके है। साथ ही अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो जैसी ब्रांड्स के मॉडल है। मिस्टर जयपुर ऑफ द ईयर खिताब अपने नाम करने के बाद उदित सिंह जघीना का नाम मॉडल ऑफ फेम बाय पिंक कॉन्सेप्ट्स के लिए भी नामांकित किया गया है और जल्द ही उन्हें जयपुर में आयोजित होने वाले समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## जयपुर शहर में मादक पदार्थ की सप्लाई करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' अभियान के तहत झोटवाड़ा एवं ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले दो तस्करों को पकडा है। जिसमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 13 ग्राम 19 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक, बिक्री की राशि 1 हजार 250 रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत झोटवाड़ा एवं ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले वकील खान निवासी बालाघाट जिला गंगापुर सिटी हाल झोटवाड़ा जयपुर और सीमा सांसी निवासी कोटपूतली बहरोड हाल ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 13 ग्राम 19 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक, बिक्री की राशि 1 हजार 250 रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित वकील खान यह अवैध मादक पदार्थ स्मैक वह अपने एक परिचित किशन धाकड से खरीद कर लाया है। जिसको वह छोटे पैडलरो को 1-2 ग्राम में बेचता है। वहीं आरोपित महिला सीमा सांसी यह मादक पदार्थ उसके घर के पास ही एक राजू नाम का बंगाली लडाका स्मैक डिलेवरी देकर गया है। उसने राजू नाम के बंगाली बिहारी लड़के से 25 पुडिया 3 हजार 500 रुपये में खरीद की थी। वह पहले भी एक दो बार इस लड़के से स्मैक खरीद की थी। यह लडका ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा व बस स्टैंड के आस पास घूमता मिल जाता है। वह स्मैक की पुड़िया घुम फिर कर घर के आस पास ही ग्राहकों को बेचती है। पुलिस आरोपियों से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

## जयपुर में बन रहा देश का एकमात्र स्वर्णमय बगलामुखी धाम

### 51 किलोग्राम सोने से हो रहा चाकसू की अक्षय जीवन सिटी में मंदिर का निर्माण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** शहर के करीब चाकसू में 51 किलोग्राम सोने से स्वर्णमय माता बगलामुखी का शक्तिपीठ बन रहा है। देश का यह एकमात्र स्वर्णमय बगलामुखी धाम अक्षय जीवन सिटी, कादेड़ा में स्थित है। इन दिनों माता बगलामुखी धाम पर हजारों भक्तों का तांता लगा रहता है। सभी भक्तगण अपनी मनोकामनाओं को लेकर माता के दरबार में दर्शन करने आते हैं। माता का आशीर्वाद भक्तों को मिलता है।

माता बगलामुखी शक्तिपीठ की प्राण प्रतिष्ठा वर्ष 2017 में डॉ. आशुतोष झालानी ने कराई। डॉ. झालानी ने बताया कि माता का मंदिर 51 किलोग्राम सोने बनाया जा रहा है। अभी मंदिर को बनाने में 40 लाख रुपए का खर्चा हुआ है। माताजी के मंड में 250 ग्राम सोना लगा है। उन्होंने बताया कि प्राचीन तंत्र शास्त्रों में दस महाविद्याओं काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर, भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, कमला का उल्लेख मिलता है। इन सबकी साधना का अपना महत्व है। माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। डॉ. झालानी ने बताया कि संपूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग हैं, वो माता बगलामुखी की वजह से हैं। यह भगवती पार्वती का उग्र स्वरूप हैं। ये स्वयं पीली आभा से युक्त हैं और इनकी पूजा में पीले रंग का विशेष प्रयोग होता है। इनको स्तम्भन शक्ति की देवी भी माना जाता है। उन्होंने बताया कि बगलामुखी का अर्थ बगला शब्द संस्कृत भाषा के वल्गा का अपभ्रंश है, जिसका अर्थ होता है दुल्हन। कुब्जिका तंत्र के अनुसार बगला नाम तीन अक्षरों से निर्मित है व, ग, ला,'व' अक्षर वारुणी, 'ग' अक्षर सिद्धिदा तथा 'ला' अक्षर पृथ्वी को संबोधित करता है। माता के अलौकिक सौंदर्य और स्तंभन शक्ति के कारण ही इन्हें यह नाम प्राप्त है। डॉ. झालानी ने बताया कि अक्षय जीवन सिटी में माता बगलामुखी धाम में नि:शुल्क हवन का आयोजन किया जाता है।

## टॉप-10 में चयनित हिस्ट्रीशीटर मनोज उर्फ मनोहर उर्फ पाण्डु को किया गिरफ्तार 01 देशी कट्टा मय 02 कारतूस जप्त



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** पुलिस अधीक्षक जिला कोटपूतली बहरोड श्रीमति वन्दिता राणा ने जानकारी देते हुये बताया की राजस्थान सरकार द्वारा 100 दिवसीय कार्ययोजना एवं रेंज स्तर पर फरार अपराधियो की गिरफ्तारी हेतू जिले के समस्त थानाधिकारियो को निर्देशित किया जाकर अभियान को सफल बनाने हेतू अति. पुलिस अधीक्षक कोटपूतली नेम सिहं के निर्देशन में वृताधिकारी वृत विराटनगर रोहित साखला के सुपरविजन मे एवं राजेश कुमार पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना प्रागपुरा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा मेहनत एवं लग्न से कार्य करते हुये थाना प्रागपुरा के हिस्ट्रीशीटर मनोज उर्फ मनोहर उर्फ पाण्डु पुत्र श्री नाथूराम कुम्हार जाति कुम्हार निवासी प्रागपुरा को मय एक देशी कट्टा मय 02 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

मनोज उर्फ मनोहर उर्फ पाण्डु बलात्कार के प्रकरण में भी चल रहा था फरार तथा पूर्व के प्रकरण मे न्यायालय द्वारा स्थाई वारन्ट जारी किया हुआ था। मनोज उर्फ मनोहर उर्फ पाण्डु के विरुद्ध आर्म्स एक्ट मे प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान जारी है।

## पियाजियो इंडिया ने जयपुर में खोला पहला मोटोपलेक्स शोरूम (एथोस मोटर्स)

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर ( का.स. )।** पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. ने जयपुर के पहले मोटोपलेक्स शोरूम एथोस मोटर्स का शुभारंभ किया है। इस प्रीमियम शोरूम में एप्रिलिया पोर्टफोलियो की पूरी रेंज, मोटो गुज्ज़ी पोर्टफोलियो का चुनिंदा हिस्सा और स्टाइलिश वेस्पा स्कूटर्स मिलेंगे। मिलेंगे। ग्राहकों को यहां आने पर एक खास अनुभव मिलेगा और उन्हें ब्रांड के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। नये मोटोप्लेक्स शोरूम का शुभारंभ पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. में 2-व्हीलर डॉमेस्टिक बिजनेस (आईसीई) के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट श्री अजय रघुवंशी और 2-व्हीलर मार्केटिंग एण्ड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट श्री अपूर्व सैगल की मौजूदगी में हुआ। इस आयोजन में एप्रिलिया और वेस्पा के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया और साथ ही शहर के गौरवान्वित ग्राहकों को ऑल-न्यू एप्रिलिया आरएस457 भी सौंपी गईं। यह भारत में ग्राहकों के लिए पियाजियो इंडिया के 2-व्हीलर सेल्स एवं आफ्टर-सेल्स अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**एप्रिलिया की चार यादगार मशीनें :** एप्रिलिया आरएसवी4 फैक्ट्री- यह सिर्फ एक मोटरसाइकल नहीं है; यह रास्ते पर फोकस करने वाली एक मशीन है, जिसे ज्यादा गति के लिये सावधानी से बनाया गया है। एरोडायनैमिक लाइंस सटीक तरीके से हवा को काटती हैं, जबकि दमदार वी4 इंजन बेजोड़ ताकत देता है। इसके थ्रॉटल का हर ट्विस्ट उन राइडर्स के खास क्लब में जगह बनाता है, जिन्हें अधिकतम गति चाहिये। पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. में 2-व्हीलर डोमेस्टिक बिजनेस (आईसीई) के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट अजय रघुवंशी ने कहा, ''जयपुर के पहले मोटोप्लेक्स शोरूम का शुभारंभ कर हमें बेहद खुशी हो रही है। यह हमारे ग्राहकों के लिये मोटरसाइकल एवं स्कूटर के स्वामित्व का अनुभव को आमूल परिवर्तन करने के सफर की शुरुआत है। यह हमारे प्रमुख बाजारों में से एक है जोकि इन प्रीमियम ब्रांड्स को खरीदने और उनका अनुभव करने के लिए तैयार हैं। हम शहर में स्टाइलिश एवं उच्च प्रदर्शन वाले टू-व्हीलर्स के लिए लगातार बढ़ रही इच्छा का लाभ उठाने के लिए उत्साहित हैं।

### विराटनगर शहर को 'सैटेलाइट टाउन'की श्रेणी में जोड़ने की मांग

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** पौराणिक तीर्थ स्थल विराटनगर शहर को 'सैटेलाइट टाउन 'की श्रेणी में जोड़ने की मांग को लेकर गुरुवार को विराटनगर शहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक कुलदीप धनखड़ को उनके निज आवास पर ज्ञापन सौंपा। विराटनगर भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष मामराज सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रदेश के 40 शहरों को इस योजना में जोड़कर विकास की दृष्टि से विकसित किया जाएगा, जिसमें जयपुर संभाग के करीब 12 शहरों को इस योजना में जोड़ा गया है जिनमे प्रमुख रूप से दूदू, चोमू ,बस्सी ,बगरू ,चाकसू, जोबनेर, फुलेरा ,शाहपुरा ,रींगस, श्रीमाधोपुर, खाटू श्याम जी ,तथा दोसा प्रमुख है।जिन पर सरकार द्वारा 18,500 करोड़ की धनराशि खर्च करने का प्रावधान है। ऐसी स्थिति में महाभारत कालीन पौराणिक तीर्थ स्थल, जिसका अस्तित्व गौरवशाली इतिहास के पन्नों पर दर्ज है जिसे विकसित करने हेतु सरकार की इस योजना में जोड़ना अति आवश्यक है। इस संबंध मेंविधायक ने विराटनगर शहर को इस योजना में जुड़वाने का पूर्ण भरोसा दिलवाया।

**योजनान्तर्गत क्या-क्या होंगे विकास कार्य :** सीवरेज सुविधा, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर 24 घंटे पेयजल आपूर्ति, इंडस्ट्रीज और कृषि के लिए परिशोधित जल की उपलब्धता, ठोस कचरा प्रबंधन, विरासत को सहेजने, मनोरंजन सुविधाएं विकसित करने, सौंदर्य करण, चिकित्सा सुविधाएं, सौर ऊर्जा का विस्तार, पार्किंग स्थलों का निर्माण, बस स्टैंड डेवलपमेंट सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं।

इस दौरान मंडल संयोजक महेंद्र सैनी, मंडल महामंत्री सत्यनारायण सैनी, बंशीधर सैनी, निर्मल जैन, महेश सैनी, हीरालाल सैनी, शिवराम गुर्जर,नेता प्रतिपक्ष रोमेश मिश्रा, सुरेश सैनी, पूर्व वाइस चेयरमैन बाबूलाल मीणा, पूर्व पार्षद विजय सैनी, नंदकिशोर छिपा, पार्षद सुर्ज्ञानी सैनी, पार्षद जितेंद्र सैनी, राजू यादव, फूलचंद सैनी ठेकेदार, छाजूलाल जांगिड़, रामकरण छावडी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विवाहिता से जबरन दुष्कर्म का मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**कठूमर ( नि.स. )।** क्षेत्र की एक विवाहिता ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ जबरन दुष्कर्म का खेडली पुलिस थाने मे मामला दर्ज कराया है। जिसमें उसने बताया की वह अपने घर पर रात्रि के दौरान कमरे में सो रही थी। इसी दौरान गांव का एक युवक कमरे में घुस गया और मुंह पर हाथ रखकर जबरन दुष्कर्म किया और भाग गया। मामले में आरोपी युवक के पिता द्वारा पीड़ित महिला के परिजनों पर अपहरण का मामला दर्ज करते हुए बताया कि वह रात्रि करीब दस बजे अपने दोस्त के साथ घर जा रहा था। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने आकर उसे पकड़ लिया और अपहरण कर ले गए। जिसके साथ मारपीट की। मामले में 7-8 लोगों के खिलाफ अपहरण, मारपीट का मामला दर्ज कराया गया है। खेड़ली पुलिस ने दोनों पक्षों के मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वॉल खराबी के कारण व्यर्थ बहा हजारों लीटर पानी

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** कस्बे के हाजीपुर में जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। एक तरफ पीने के पानी के लिए ग्रामीण परेशान हो रहे है। तो वहीं दूसरी तरफ पानी की टंकी से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह पानी की बड़ी टंकी से हजारों लीटर पानी व्यर्थ निकल रहा था। ग्रामीणों ने पानी को रोकने का प्रयास किया, लेकिन पानी का प्रेशर इतना था कि रुकने का नाम नहीं ले रहा था।

## दुष्कर्म पीड़ित दो बहनों को नहीं मिला न्याय : अब पुलिस कमिश्नर से लगाई न्याय की उम्मीद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** दौसा की दो सगी बहनों ने जयपुर में सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस से न्याय की गुहार लगी है। सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर दो आरोपित दोस्तों ने मिलने बुलाकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। इस संबंध में आमेर थाने में पीड़िताओं के पिता ने दोनों आरोपितों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया था। काफी समय बीत जाने के बाद जब उन्हे न्याय नहीं मिला तो गुरूवार को पुलिस कमिश्नर ज्ञापन दिया और बोला कि पुलिस से हमें न्याय नहीं मिला है। अब देखना है कि जयपुर पुलिस कमिश्नर उनकी शिकायत का समाधान करते है या नही। गुरुवार को मीडिया से रू-ब-रू हुए पीडिता और उसके पिता ने बताया कि अक्टूबर-2023 में आमेर थाने में दो सगी बेटियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था। दौसा में रहकर 18 साल की बेटी कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रही है। वह पढ़ाई के लिए लाइब्रेरी जाया करती थी। आरोप था कि लाइब्रेरी ऑनर हेमेंद्र शर्मा ने बेटी को सरकारी नौकरी लगाने की कही। मोबाइल पर वॉट्सऐप कॉल कर बात करने लगा। सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर आरोपी हेमेंद्र शर्मा ने कई बार दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर सरकारी नौकरी नहीं मिलने के लिए धमकाया। उन्होंने बताया कि आरोपित हेमेंद्र शर्मा ने उसकी बेटी और नाबालिग बहन को जयपुर में दोस्त से मिलने के लिए बुलाया। झांसा दिया कि दोस्त अंतराम चौधरी सरकारी नौकरी लगवाने का काम करता है। दोनों बहनों की सरकारी नौकरी लगवा देंगे। 5 नवम्बर 2022 को दोनों बहनें दौसा से ट्रेन में जगतपुरा रेलवे स्टेशन पहुंची। आरोपी हेमेंद्र और उसका दोस्त अंतराम चौधरी उन्हें लेने आए। कार में बैठाकर दोनों बहनों को एक फ्लैट पर ले गए। आरोपी अंतराम चौधरी ने नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया और हेमेंद्र शर्मा ने दोनों बहनों से दुष्कर्म किया। जल्द ही सरकारी नौकरी लगाने की कहकर दोनों बहनों को दौसा भेज दिया। इसके बाद 3-4 दिन बाद आरोपी हेमेंद्र को कॉल कर नौकरी लगाने की बात कही। अंतराम चौधरी का जयपुर से कॉल आने पर बताने की कहकर मोबाइल नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। लाइब्रेरी आने पर भी हेमेंद्र शर्मा ने मना कर दिया। नौकरी के लिए सम्पर्क नहीं होने पर आमेर में रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी करने लगे। आरोप है कि 4 सितम्बर 2023 को सामान लेने जाने के दौरान आरोपी अंतराम चौधरी मिल गया। बेटी को रोककर बातचीत कर कमरे के बारे में जानकारी ले ली। 10-12 दिन बाद घर मिलने आने पर डॉक्यूमेंट देने पर सरकारी नौकरी लगाने की कहकर चला गया। 14 सितम्बर को दोपहर घर आने पर कमरे में नाबालिग बहन से अकेला पाकर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध कर शोर मचाने पर उसके साथ मारपीट की। नाबालिग बहन की आवाज सुनकर बाहर आने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। डर के मारे बच्चों ने परिजनों को आपबीती सुनाई। पीड़ित बच्चियों के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट, गैंगरेप और एससी/एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता ने गुरुवार दोपहर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ से न्याय की गुहार लगाते हुए ज्ञापन दिया। पीड़िता बोली कि पुलिस में दर्ज करवाई एफआईआर में उनको न्याय नहीं मिला। पीड़िताओं का आरोप है कि वॉट्सऐप चेट सहित कुछ सबूत देने के बाद भी पुलिस ने मामले में एफआर लगा दी। पुलिस आलाधिकारियों से गुहार लगा है कि मामले में प्रसंज्ञान लेकर उन्हें न्याय दिलाए जाए।

# जन सुनवाई में बाला को मिली तत्काल राहत, बिजली बिल हुआ कम

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर हो रही जन सुनवाई दे रही राहत, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने सुनीं आमजन की फरियाद, अधिकारियों को दिए समस्याओं के तत्काल एवं संवेदनशीलता से निस्तारण के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**चूरू (सुरेश शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर चल रही त्रिस्तरीय जन सुनवाई के बेहतरीन परिणाम सामने आ रहे हैं और आमजन को राहत मिल रही है। महीने के तीसरे गुरुवार को आईटी सेंटर में होने वाली जिला स्तरीय जन सुनवाई में गुरुवार को पहुंची बाला को तत्काल राहत मिली। डिस्कॉम द्वारा जारी 16437 रुपए के बिजली बिल से परेशान चूरू शहर की बाला के बिजली कनेक्शन के बिल को जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देश पर जोधपुर डिस्कॉम अधिकारियों ने तत्काल संशोधित किया और मात्र 1675 रुपए का संशोधित बिल जारी कर प्रार्थी को राहत प्रदान की। प्रकरण के अनुसार, जिला मुख्यालय पर वार्ड 19 की निवासी बाला पुत्री रणजीत ने बताया कि मीटर बदलने के बाद अचानक उनका बिल 16 हजार 437 रुपए आया है, जो उनके उपभोग के हिसाब से बहुत अधिक है। इस पर जिला कलक्टर ने डिस्कॉम एक्सईएन वीएल सैनी को समस्या के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। सैनी ने बताया कि उपभोक्ता के पैटर्न कंजप्शन के आधार पर 1675 रुपए का संशोधित बिल जारी किया गया है।

जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने इस दौरान पेयजल, बिजली, अतिक्रमण, पट्टा, साफ-सफाई सहित विभिन्न बिंदुओं से जुड़ी आमजन की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने इस दौरान राजगढ़ ग्रामीण क्षेत्र में गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने, सुजानगढ़ के वार्ड 14 के लतीफ पुत्र रमजान को नियमानुसार पट्टा जारी करने, चूरू शहर के विभिन्न स्थानों पर पेयजल, बिजली एवं अतिक्रमण की समस्याओं का समाधान करने, स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय के ग्राउंड की साफ-सफाइ करवाने, मेलूसर में बीज वितरण में अनियमितताओं की जांच करने, चूरू के वार्ड 18 में बिजली के झूलते तारों को ठीक करवाने, लालासर में जोहड़ पायतन की भूमि से अतिक्रमण हटवाने, झारिया गांव में आम रास्ता खुलवाने, वार्ड 51 में कुआ निर्माण, बीनासर में जलापूर्ति में कमजोर गुणवत्ता की पाइप लाइन लगाए जाने की जांच, जिनरासर में मंदिर के पास से शराब का ठेका हटवाने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, सीईओ मोहन लाल खटनावलिया, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, तहसीलदार सुरेंद्र पाल, संयुक्त निदेशक (आईटी) मनोज गर्वा, पीएचईडी एसई रमेश राठी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद ओला, कॉपरेटिव एमडी मदन लाल, सीडीईओ जगबीर यादव, एडीपीआर कुमार अजय, एलडीएम अमर सिंह, उद्योग महाप्रबंधक नानूराम, मेडिकल कॉलेज संबद्ध डीबी जनरल अस्पताल अधीक्षक डॉ हनुमान जयपाल, प्रो. मधुसूदन प्रधान, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. अनीश, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, सुभाष चंद्र सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।



### जयपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक अनिल टांक का कोटपूतली दौरा

## एसपी वंदिता राणा सहित जिले के आला पुलिस अधिकारियों के साथ की अपराध नियंत्रण मीटिंग



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अनिल टांक कोटपूतली के पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उनके आगमन पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। आईजी अनिल टांक ने अपराध नियंत्रण गोष्ठी में भाग लिया, जिसमें साइबर क्राइम और हरियाणा बॉर्डर सुरक्षा समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।आईजी अनिल टांक ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 1 जुलाई से लागू हो रहे नए कानूनों के आपरेशनल पहलुओं पर चर्चा करना था। उन्होंने कहा कि अनुसंधान अधिकारियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जा सके। नए कानून के तहत पीड़ितों को भी उनके अधिकारों की जानकारी देने के लिए सरकार ने कई ऐप बनाए हैं, जो पुलिस अधिकारियों के पास उपलब्ध होंगे।साइबर अपराधों के मुद्दे पर बात करते हुए आईजी ने बताया कि साइबर थाने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है और साइबर अपराधियों की संपत्तियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समय के साथ संसाधन और तकनीक आवश्यक हो गए हैं, और सरकार समय-समय पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराती है। अपराध नियंत्रण के महत्वपूर्ण मीटिंग में एसपी वंदिता राणा सहित कोटपूतली बहरोड जिले के आला पुलिस अधिकारी सहित जिले के सभी थानों के थानाधिकारी मौजूद रहे।

## थर्ड ग्रेड शिक्षक ट्रांसफर, ओपीएस और डीपीसी को लेकर शिक्षक का विरोध प्रदर्शन

### राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत का प्रदेश स्तरीय धरना, सीएम के नाम दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( नि.स. )।** राजस्थान में पिछली गहलोत सरकार में थर्ड ग्रेड शिक्षकों के स्थानांतरण नहीं हो पाए थे। पूर्व वसुंधरा सरकार के अंतिम कार्यकाल में ही थर्ड ग्रेड ट्रांसफर हो सके थे। उसके बाद पिछले 6 वर्षों से यह टीचर पूरे प्रदेश में स्थानांतरण की बाट जोह रहे हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव के लिए लगाई गई आचार संहिता खत्म होने के बाद और ग्रीष्मकालीन अवकाश के समापन से पूर्व अब शिक्षक संघ थर्ड ग्रेड टीचर्स की मांग को लेकर लगातार प्रदेश सरकार को अवगत करा रहे हैं।

इसी मुख्य मुद्दे के साथ अन्य समस्याओं को लेकर गुरुवार को राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की प्रदेश महामंत्री डॉ रंजीत मीणा के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय धरने का आयोजन बाड़ी उपखंड कार्यालय के सामने किया गया। जिसमें राज्य सरकार से मांग की की वह अभिलम्ब थर्ड ग्रेड टीचर्स के ट्रांसफर करें,लंबित चल रही डीपीसी को किया जाए और ओल्ड पेंशन स्कीम को चालू रखा जाए। शिक्षक संघ राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश महामंत्री डॉ रंजीत मीणा ने बताया प्रदेश स्तरीय इस धरने का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के सामने अपनी मांगे रखना है और उन मांगों को मूर्तरूप दिलाना है। आज ब्लॉक स्तर पर प्रदेश टीम के पदाधिकारी और धौलपुर जिले के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें धरना समापन से पूर्व उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें मुख्यमंत्री से मांग की की सरकार जल्द लंबित चल रही डीपीसी को शुरू कराए। थर्ड ग्रेड टीचर्स के ट्रांसफर करें और पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ अनवरत चलने दें। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा,संगठन मंत्री चंद्रभान चौधरी,धौलपुर जिला अध्यक्ष भगवान सिंह मीणा,बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष टीकम सिंह जाट,चोल सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन, 30 जून को होगा चुनाव

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (नि.स.)।** कस्बे में पंचायत समिति सदस्य के उप चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन भरा। उपचुनाव के तहत 30 जून को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। एक जुलाई को सुबह 9 बजे से पंचायत समिति कार्यालय पर मतगणना होगी। चुनाव प्रभारी पूर्ण यादव ने बताया कि बानसूर पंचायत समिति सदस्य वार्ड नं. 17 के उपचुनाव को लेकर 20 जून दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए गए। जिसमें कांग्रेस पार्टी से हरिराम धाकड़ ने 19 जून को और भाजपा से रणवीर सिंह गुर्जर ने 20 जून को नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की जांच होगी। 22 जून दोपहर 3 बजे तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटन किए जाएंगे। 30 जून को मतदान होगा और 1 जुलाई को मतगणना होगी। भाजपा प्रत्याशी रणवीर सिंह गुर्जर के नामांकन के जिला अध्यक्ष उमेद सिंह भाया, जिला उपाध्यक्ष शशिकांत बोहरा, एडवोकेट नवीन कुमार, रामानंद दीक्षित, एडवोकेट विकास जोशी, महेश कटारिया उपस्थित रहे।

## फिर गति पकड़ने लगा, अपेक्षा पीड़ित समूह का संगठन पैसा वापस न मिलने तक, चालू रहेगा, अपेक्षा पीड़ितों का अभियान

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़/कोटा (नि.स.)।** बुधवार को शहर के छत्र विलास उद्यान में जप तप ठग संगठन से जुड़े कोटा संभाग के कार्यकारी सदस्य एम पी शर्मा जी के नेतृत्व में अपेक्षा ग्रुप के द्वारा 200 करोड़ की ठगी से पीड़ितों को न्याय दिलाने व अभियान को आगे बढ़ाने की रणनीति को लेकर काफी विस्तार से चर्चा की गई । अपेक्षा ग्रुप पीड़ित संगठन के अध्यक्ष ललित मल्होत्रा ने एम पी शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उनको आश्वासन दिया कि,बडस एक्ट को राजस्थान में लागू करने वाले राष्ट्रव्यापी अभियान में हमारे 300 से अधिक सहयोगियों की पूरी सहमति, उनके साथ है । संगठन की ओर से निश्चित किया गया है की,शीघ्र ही राज्य सरकार के विधि,पुलिस ओर न्यायायिक विभाग के शीर्ष पदाधिकारी से मिलकर अपेक्षा ग्रुप से जुड़े सभी पीड़ितों को उचित न्याय मिल सकें, इसके लिये संगठन की ओर से पूरा प्रयास किया जायेगा ,साथ ही राज्य में पूरी शक्ति के साथ, बडस एक्ट लागू किया जाए उसे बारे में भी मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा ।बीते दिनों संगठन के माध्यम से राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांशु पत्र और वित्त मंत्रालय भारत सरकार को भी बड्स एक्ट को राजस्थान में लागू करने के लिये ज्ञापन दिया गया है ।ज्ञात हो की,अपेक्षा ग्रुप के ठगी प्रकरण से कई परिवारों की हालत बदतर हो चुकी है, कई परिवार के सदस्य मानसिक अवसाद में आकर जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहे हैं ।

## उपजिला अस्पताल में फुल ऑटोमैटिक बायोमेटिक एनालाइजर व सीबीसी मशीन का किया उद्घाटन

### बॉयो-कैमिस्ट्री की सम्पूर्ण जांच व खून की स्तरीय जांच, कम समय में मिलेगी रिपोर्ट



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** कस्बे के जोबनेर रोड स्थित राजकीय उपजिला अस्पताल में फुली ऑटोमेटिक बॉयोमेटिक एनालाइजर व सीबीसी मशीन का शुभारम्भ कार्यक्रम बुधवार को उपजिला अस्पताल के प्रभारी पीएमओ डॉ. संजय शर्मा व वरिष्ठ नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेन्द्र भामू ने फीता काटकर उद्घाटन किया। अस्पताल के वरिष्ठ नर्सिग अधिकारी रणवीर सिंह ने बताया कि ईआरबीए कम्पनी की दोनो आधुनिक जांच मशीने ट्रांससेयिया बॉयोमेडिकल लिमिटेड की ओर से सीएसआर फंड के अर्न्तगत फुलेरा उपजिला अस्पताल को उपलब्ध करवाई गई है, इन दोनो मशीनों की किमत लगभग 15 लाख रूपये बताई गई है। इस अवसर पर डॉ. धर्मेन्द्र भामू ने बताया कि ईआरबीए कम्पनी की दोनो आधुनिक मशीनों से विश्वनीयता के साथ कम समय में जांच रिपोर्ट मिल सकेगी। फुली ऑटोमेटिक बॉयोमेडिकल एनालाइजर से बॉयोकैमिट्री की सभी जांचे व उन्नत सीबीसी मशीन से सटीक व कम समय में खून की सम्पूर्ण जांच उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर अरबा कम्पनी के प्रतिनिधी मनीष हेडा व सुनिल शर्मा ने आधुनिक मशीनों की जानकारी मुहैया करवाई।

कार्यक्रम के दौरान लैब प्रभारी कमलेश चौहान, वरिष्ठ लैब टैक्नीशियन मनोज पारीक, लैब टैक्नीशियन गौरीशंकर कुमावत, लैब सहायक प्रिया सैनी, नवीन पंजाबी, कन्हैयालाल वर्मा, आबिद कुरेशी सहित अन्य लैबकर्मी मौजूद रहे।

## बाड़ी नगर पालिका की बैठक : सदस्यों ने उठाए सफाई और रोड लाइट के मुद्दे, शहर के चौराहों का नाम बदलने का विरोध



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)।** बाड़ी शहर के पंचायत समिति सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी के नेतृत्व में पालिका के बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें सदस्यों ने शहर में सफाई, रोड लाइट और खराब सड़कों का मुद्दा उठाया। कई मुद्दों पर बैठक में हंगामा भी हुआ। इस दौरान उपाध्यक्ष अहमद जमा खां भी मौजूद रहे।

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि शहर में नगर पालिका की आय को बढ़ाने के लिए अब कचरा संग्रहण एवं साफ सफाई को लेकर हर घर से दस रुपये का शुल्क लिया जाएगा। जिस पर सभी सदस्यों ने प्रस्ताव पास किया है। बैठक में प्रस्ताव लिया गया कि शहर के किला गेट पर स्थित पुराने वाचनालय की जर्जर बिल्डिंग की जगह नई बिल्डिंग बनाई जाएगी। जो पार्षद प्रवीण सिंघल के आर्थिक सहयोग से बनेगी।

पालिका बोर्ड की बैठक में शहर के विभिन्न चौराहों के नामकरण को लेकर सदस्यों ने आपत्ति दर्ज की। सदस्यों ने कहा कि किसी भी चौराहे का नाम किसी भी समाज या जाति के महापुरुषों के नाम पर नहीं रखा जाएगा। ऐसे में जो नाम पूर्व से चले आ रहे हैं वहीं रहने दिए जाएं। वहीं शहर में नालों की साफ-सफाई को लेकर किसी भी प्रकार का ठेका नहीं होगा। सदस्यों ने नालों और नालियों की साफ सफाई नगर पालिका अधिकारियों द्वारा अपने स्तर पर ही कर्मचारी लगाकर करने पर सहमति दी।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज, जिलेभर में होंगे कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को ग्राम पंचायत स्तर तक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर सवेरे 7 बजे से 8 बजे तक पुलिस लाइन मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक रामकृष्ण शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में दक्ष योग प्रशिक्षकों द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, विद्यार्थी, मेडिकल कॉलेज विद्यार्थी, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स एवं आमजन शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि योग दिवस कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह है तथा अग्रसेन नगर पार्क, नेचर पार्क, इंद्रमणि पार्क सहित विभिन्न स्थानों पर आमजन द्वारा योगाभ्यास किया जा रहा है। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने आमजन से अनुरोध किया है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में दायित्व प्रदान कर उनके निर्वहन के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## जिला कलक्टर व विधायक ने जनसुनवाई में आमजन की सुनी समस्यायें


बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली।( बिल्लूराम सैनी )।** जिला स्तरीय जनसुनवाई में गुरुवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल व विधायक हंसराज पटेल को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये नागरिकों ने अपनी मांग एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जनसुनवाई में राशन कार्ड, चिकित्सा, अतिक्रमण, राजस्व, रास्ते खुलवाने, बिजली, पानी, पेयजल जैसे विभिन्न आवेदन प्राप्त हुये। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल व विधायक हंसराज पटेल ने लोगों की समस्यायें व शिकायतें सुनी और उनसे आवेदन प्राप्त किये। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर यथासंभव निराकरण के निर्देश दिये। कलक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में मिले आवेदनों के निराकरण में लापरवाही नहीं होनी चाहिये। लोगों की समस्याओं का प्रमुखता से निराकरण करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। किरतपुरा निवासी रामकुमार मीणा ने जिला कलक्टर व विधायक के सम्मुख विकलांगता प्रमाण पत्र दिखाते हुए योजना के तहत व्हील चेयर की मांग की। जिसके तहत जिला कलक्टर व विधायक ने जन सहयोग से मौके पर ही प्रार्थी रामकुमार मीणा को व्हील चेयर उपलब्ध करवा दी। इसके लिए रामकुमार मीणा ने विधायक हंसराज पटेल व जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नारेहड़ा में सडक़ मरम्मत की मांग को लेकर धरना चौथे दिन भी रहा जारी

**कोटपूतली( नि.स. )।** कोटपूतली के ग्राम नारेहड़ा में सडक़ के मरम्मत की मांग को लेकर गुरूवार को धरना लगातार चौथे दिन भी बदस्तुर जारी रहा। धरने की अध्यक्षता करते हुये छाजू सिंह ने ग्रामीणों से वाजिब मांगों के लिये एकजुटता के साथ संघर्ष किये जाने की अपील की। गुरूवार को सडक़ की मरम्मत की मांग को लेकर ग्राम नारेहड़ा में सभी बाजार पुर्णतया: बन्द रहे।

# शख्सियत



नरेंद्र मीणा
युवा नेता, कोंग्रेस

राह संघर्ष की जो चलता है- वही संसार को बदलता है जिसने रातों से जंग जीती है - सुबह सूरज बनकर वही चमकता है । नमस्कार आज दैनिक बढ़ता राजस्थान के शख्सियत कॉलम के हमारे हीरो हैं नरेंद्र मीणा । युवा समाजसेवी हैं युवा नेता हैं । 18 जून सन 1975 को जन्मे इस दीवाने ने छात्र जीवन से ही राजनीति का दामन संभाल लिया। कला महाविद्यालय में छात्र संघ अध्यक्ष बने और रुके नहीं संघर्ष का दौर क्या होता,बेहद करीब से देखा और शायद देख रहे हैं। वार्ड पार्षद से नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद जैसी बड़ी जिम्मेदारी निभाई । प्रशासनिक समिति सदस्य रहे, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव रहे, मीणा युवा संगठन के अध्यक्ष रहे ,राजस्थान युवा टाइगर्स क्लब के संरक्षक रहे, मंगल विहार समिति के सचिव व एनएसयूआई के सचिव रहे। जिला हॉकी संघ के सदस्य रहे, अलवर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष रहे, जिला 20 सूत्री कार्यक्रम के सदस्य रहे और फिलहाल राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र की जनता के सुख-दुख के साथी व सारथी बने हुए हैं । यूं तो नरेंद्र मीणा लंबी रेस के घोड़े हैं। राजनीतिक कैरियर में इन्होंने पाया कम खोया ज्यादा है। लेकिन हारने के बाद भी हार ना मानने का जज्बा ही जीत कहलाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। हमेशा हंसता मुस्कुराता और जोश के साथ मिलना इनकी फितरत है। आंखों में परेशानी के बाद भी मुस्कुराता हुआ चेहरा और कुछ कर गुजरने की ख्वाहिश इन्हें आगे लेकर जाएगी दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

# 42 डिग्री तापमान के बाद बारिश होने से मिली राहत

## 15 मिनट की बरसात ने ही खोली नगर परिषद की पोल, निचले इलाकों में भरा पानी





बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पिछले एक महीने से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद गुरुवार को जिले में 15 मिनट तक बारिश हुई है। जिले का अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री पहुंच गया। इसके बाद गुरुवार दोपहर 2 बजे से 15 मिनट के लिए जिले में झमाझम बारिश शुरू हुई। हल्की बारिश से ही नगर परिषद की पोल खुल गई और निचले इलाकों में पानी भर गया। दोपहर में अचानक शुरू हुई बारिश के बाद किसानों के चेहरे भी खिले नजर आए हैं। धौलपुर जिले में सुबह से ही मौसम में उथल-पुथल देखी गई। दोपहर एक बजे तक पड़ी भीषण गर्मी के बाद अचानक मौसम में पलटा खाया, जिसके बाद जिले में अचानक बादल छा गए। दोपहर बाद अचानक मौसम में हुए बदलाव के बाद 2 बजे से झमाझम बारिश शुरू हो गई। इससे भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। वहीं, निचले इलाकों में पानी भरने से नगर परिषद की सफाई के दावों की पोल खुल गई।धौलपुर जिले के किसानों ने बताया कि गुरुवार को हुई बारिश मिट्टी के लिए राहत भरी है। उन्होंने बताया कि खरीफ फसल की बुवाई के लिए मूसलाधार बारिश की जरूरत है, जिसके होने के बाद खरीफ की फसल की बुवाई हो सकेगी।

**बाड़ी में दोपहर बाद बारिश** : तापमान गिरा, गर्मी से मिली राहत; इंद्रदेव को मनाने के लिए गरीबों और बच्चों को भोजन खिलाया बाड़ी में दोपहर 1.30 बजे बाद अचानक मौसम बदला और बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। क्षेत्र में बादल छाए हुए है और रिमझिम बारिश का दौर चल रहा है। आज बारिश के लिए मौसम विभाग ने भी अलर्ट जारी किया था। जिसमें धौलपुर में मानसून पूर्व तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई थी।

इससे पहले पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र के लोग भीषण गर्मी से परेशान था। उमस से आमजन का जीना बेहाल था। ऐसे में गुरुवार सुबह भारद्वाज मार्केट में दुकानदारों ने सामूहिक रूप से इंद्रदेव को रिझाने के लिए दाल-अंगों का आयोजन किया गया। छोटे बच्चों और गरीबों को भोजन कराया। भारद्वाज मार्केट की दुकानदार राधेश्याम मंगल ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से दुकानदारों को तो गर्मी परेशान कर ही रही थी।

गर्मी और हीट वेव से हर कोई आहत था। ऐसे में लोग लगातार मानसूनी बारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हमारे यहां परंपरा रही है कि बारिश के देवता इंद्रदेव को मनाने के लिए सामूहिक रूप से दाल-रोटी बनाकर गरीबों को और छोटे बच्चों को खिलाई जाती है। जिसका निर्वहन करते हुए आज भारद्वाज मार्केट के सभी दुकानदारों और लोगों के सहयोग से ये आयोजन किया गया।

# तीसरी रेलवे लाइन का हुआ सफल परीक्षण

## 120 किलोमीटर की गति से दौड़ी मोटर ट्रॉली, जल्द शुरू होगा रूट

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( नि.स. )।** उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल के हेतमपुर स्टेशन और धौलपुर के बीच 8 किलोमीटर की नवनिर्मित तीसरी रेलवे लाइन का सफल परीक्षण कर लिया गया है। परीक्षण करने के लिए बुधवार को परीक्षण पूर्वोत्तर परिक्षेत्र के रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना धौलपुर पहुंचे। जिनके नेतृत्व में तीसरी रेलवे लाइन का सफल परीक्षण हुआ। रेलवे लाइन परीक्षण के दौरान धौलपुर रेलवे स्टेशन से हेतमपुर स्टेशन के बीच नवनिर्मित 8 किमी ब्राड गेज लाइन पर 120 किलोमीटर की गति से मोटर ट्रॉली को दौड़ाया गया। इस दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

निरीक्षण में रेल खंड के अंतर्गत आने वाले सिग्नल, गेट, ब्रिज, ट्रैक, ट्रैक-पॉइंट्स और इंस्टालेशन तथा उनकी कार्य क्षमता का गहनता से निरीक्षण किया गया। इस दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने खंड में पड़ने वाले चंबल ब्रिज, स्लीपर, नट बोल्ट, गेज क्रॉस की बारीकी से जांच की। जिसका परीक्षण पूरी तरह सफल रहा हैं। परीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद तीसरे रेलवे ट्रैक पर पूरी रफ्तार के साथ ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। जिसके जल्द ही शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही हैं।




# जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के तीव्र निस्तारण हेतु दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** माह के तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान गौशाला निवासी रामसेवक श्रीवास्तव ने अपना परिवाद दर्ज कराया कि उसके घर के सामने गोबर का ढेर लगा हुआ जिसके कारण सम्पूर्ण कॉलोनी में बदबू फैल रही है। जिला कलक्टर ने नगर पालिका को निर्देश देते हुए तुरंत ट्रॉली भेज कर गोबर उठवाने के निर्देश दिए। वहीं एक परिवादी ने अपने बच्चे को विमन्दित बच्चे को पेंशन न मिलने का परिवाद दर्ज कराया जिस पर जिला कलक्टर ने मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को मौके पर ही सभी औपचारिकताऐं पूर्ण कर बच्चे को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिलाने के निर्देश दिए। ओदी निवासी कुम्हेर सिंह ने सिंचाई के लिए विद्युत कनेक्शन की समस्या का परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने जेवीवीएनएल को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। रजौराखुर्द निवासी रामभरोसी ने अपना परिवाद दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी खातेदारी जमीन पर अतिक्रमियों के द्वारा जमीन पर जोतने व बुबाई में अड़चल उत्पन्न की जा रही है, जिस पर जिला कलक्टर ने तहसीलदार सैंपऊ को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। आनंद नगर निवासी ललतेश ने सीवर लाइन ब्लॉकेज से संबंधित परिवाद दर्ज कराया जिस पर जिला कलक्टर द्वारा नगर परिषद को सफाई के समुचित दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। इससे पूर्व जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक में जिला कलक्टर ने सभी विभागों के लंबित परिवादों की समीक्षा की जिसमें कई परिवादों का निस्तारण किया गया एवं शेष परिवादों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयन्ती लाल मीना, अधीक्षण अभियनता पीएचईडी मुकेश गर्ग, तहसीलदार धौलपुर धर्मसिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में पंचायत समिति मुख्यालय गोविंदगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** उपखण्ड गोविंदगढ़ में तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) लक्ष्मणगढ़, गोविंदगढ़ एडीजे गोपाल सैनी के निर्देश पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि विधिक जागरूकता शिविर कि अध्यक्षता अतिरिक्त खंड एवं विकास अधिकारी रामचरण मीणा व सहायक विकास अधिकारी लेखराज सैनी ने की। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13 जुलाई 2024 को संपूर्ण राजस्थान सहित अलवर जिले के समस्त न्यायक्षेत्र में किया जाना है। सहायक विकास अधिकारी लेखराज सैनी ने बताया की राष्ट्रीय लोक अदालत में आधिकारिक प्रकरण लेकर आने के लिए आमजन को जागरूक करें।राजस्व मामलो जैसे पैमाइश, डिवीजन ऑफ होल्डिंग सहित विभिन्न प्रकार के प्रार्थना पत्रो के चिन्हिकरण एवं निस्तारण हेतु ध्यान में रखते हुए प्री-लिटिगेशन श्रेणी,चिन्हिकरण एवं निस्तारित प्रार्थना पत्र,मे संबंधित राजस्व न्यायालय से सूचना प्राप्त कर भरवाया जाना सुनिश्चित करावे। अब न्याय मिलने में नहीं होगी देर क्योंकि आपको सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय दिलाएगा। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) लाभार्थी अपने राजीनामा योग्य प्री-लिटिगेशन व न्यायालय में लंबित प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाकर सुलह और समझाईश के जरिए अपना मामला शीघ्र निपटाएं आपके प्रकरणों को राजीनामे से निस्तारित करने हेतु समझाईश के लिए प्री-काउन्सलिंग आपके द्वार सुविधा संबंधित न्यायालय एवं नजदीकी पंचायत समिति में उपलब्ध है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण पर पक्षकार अपना न्यायशुल्क वापस प्राप्त कर सकेंगे। अपने प्रकरण को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवाएं और शीघ्र न्याय पाएं। अतः राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु पंचायत समिति गोविंदगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर आयोजत किया। सरपंच रामहेत जाटव, अनिल सेठी, सुभाष चंद्र शर्मा, बलकार सिंह राजेंद्र प्रसाद मीणा अंशुल खंडेलवाल अमर सिंह मीणा प. स. कार्मिक एवं आमजन मौजूद रहे।

# जैन मंदिर पर रैलिग तोड़फोड़ के विरोध में फिर अनशन पर बैठे लोग, ईओ को बर्खास्त करने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**कठूमर( नि.स. )।** खेड़ली श्री श्वेताम्बर पल्लीवाल जैन मंदिर की रैलिंग तोड़फोड़ के विरोध में जैन समाज के लोगों ने अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा व एसआई को बर्खास्त करने की मांग को लेकर फिर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर जैन समाज के लोग बैठ गए

वही प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से दो दिवस के आश्वासन के बाद दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं होने को लेकर जैन समाज के लोग फिर एक बार दोबारा आमरण-अनशन पर बैठ गए । वही आमरण अनशन की सूचना पर जैन समाज कै राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक चंद जैन भी धरना स्थल पर पहुंचे और नगरपालिका द्वारा की गई. इस कार्यवाही की निंदा की। अध्यक्ष अजीत जैन ने बताया कि 12 जून को नगरपालिका द्वारा रेलवे स्टेशन स्थित श्री श्वेताम्बर पल्लीवाल जैन मंदिर पर जेसीबी की सहायता से सुबह 6 बजे पालिका के एसआई विजय शर्मा द्वारा दस्ते के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के नाम पर रैलिंग व चबूतरे तोड दिये गये।जिसको लेकर जैन समाज के लोगों ने नगरपालिका द्वारा बिना जानकारी के की गई. इस कार्यवाही को लेकर जमकर निंदा की गई और पूर्व में भी धरना प्रदर्शन किया गया वहीं ईओ व एस आई को बर्खास्त करने की मांग की गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे उपखंड अधिकारी सुखराम पिंडेल व नायब तहसीलदार लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता व सीओ जोगेन्दर राजावत ने मौके पर पहुंच कर जैन समाज के लोगों से मामले को लेकर बातचीत की वहीं उपखंड अधिकारी सुखराम पिंडेल द्वारा तीन सदस्यीय टीम गठित कर दो दिवस में दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

जिसके दौरान नायब तहसीलदार द्वारा की गई जांच के दौरान एस आई की भूमिका संदिग्ध पाई गयी थी लेकिन मामले में नौ दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दोषी लोगों पर कार्यवाही नहीं करने को लेकर जैन समाज का गुस्सा फूट पड़ा और पुनः आमरण अनशन पर बैठ गये। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष भी धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गये जहां दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही नहीं करने तक आमरण अनशन पर बैठे रहने की बात कही। इस मौके पर जैन समाज के महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे ।

# तेज अंधड़ से गरीब किसान का आशियाना उजड़ा

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ ( अलवर )।** राजगढ़ के समीपवर्ती गढ़ीसवाईराम के फूटी बावड़ी में गुरूवार को अपराह्न बाद हुई तेज हवा के साथ बारिश से एक किसान का आशियाना उड़ कर खेत में जा गिरा। गढीसवाईराम के फूटी बावड़ी निवासी अमित मीणा ने बताया कि दोपहर को करीब साढ़े बारह बजे तेज अंधड़ के साथ हुई बारिश से उसके पक्के कमरे पर रखी लोहे की चादर उड़ गई। जिससे दस वर्षीय राजेश पुत्र अमित व सोनम पत्नी राकेश के सिर में गम्भीर चोट आ गई। घायल अवस्था में दोनों को स्थानीय अस्पताल गढ़ीसवाईराम में ले जाया गया। जहां चिकित्साप्रभारी डॉ. केसी मीणा के उपचार किया। चिकित्सकों ने बताया कि किसी प्रकार की गम्भीर चोट नहीं आई। दिमाग की नसे बच गई। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# लूपिन फाउंडेशन का प्रयास सराहनीय : सीएमएचओ

## मेडिकल मोबाइल वैन लोगों के लिए समर्पित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** लूपिन फाउंडेशन द्वारा गुरुवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय अलवर पर एक मोबाइल मेडिकल वैन का उद्घाटन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ .योगेंद्र शर्मा द्वारा किया गया । इस मेडिकल मोबाइल वैन को रामगढ़ और मालाखेड़ा क्षेत्र के लोगों के लिए समर्पित किया गया है। इस मोबाइल मेडिकल वैन में हार्ट और लंगंस जैसी जाच सुविधा भी उपलब्ध रहेगी चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास काबिले तारीफ है। ल्युपिन फाउंडेशन के स्टेट हैड वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि लूपिन फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सरोकारों में विभिन्न कार्य किए जाते हैं इसी कड़ी में आज ग्रामीण क्षेत्र में मेडिकल सुविधाओं का विस्तार हो सके इसके लिए ग्रामीण अंचल लोगों के लिए यह मेडिकल वैन समर्पित की है । हमारा प्रयास है लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सचेत रहें।

# योग के बारे में दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गुरुवार को अमूल्य भारत फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जिला प्रशासन, अलवर और आयुर्वेद विभाग, अलवर के योग के प्रति जागरूकता अभियान में सहयोग किया। इस संदर्भ में ट्रस्ट के अध्यक्ष देवराज शर्मा ने ललित संस्थान, मालवीय नगर के विद्यार्थियों को योग का महत्व समझाते हुए जीवन में योग की उपयोगिता को समझाया। साथ ही ट्रस्ट के अध्यक्ष देवराज शर्मा ने बताया कि कल 21 जून को अमूल्य भारत फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट और भारतीय योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में बुध विहार सी ब्लॉक पार्क में प्रातः 6 .00 बजे से 7 .30 बजे तक योग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा विभिन्न संस्थाओं का किया गया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव द्वारा 19 जून बुधवार को जिला चिकित्सालय धौलपुर में स्थित प्रसूति गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव रेखा यादव द्वारा प्रसूति गृह की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं प्रसूति गृह भर्ती प्रसूताओं से भी चर्चा कर चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। अस्पताल परिसर में आवारा पशुओं की रोकथाम एवं साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराये जाने हेतु पीएमओ धौलपुर को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. विजय सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिओम गर्ग, नर्सिंग अधीक्षक प्रदीप बंसल, सहायक नर्सिंग अधीक्षक हरिशंकर शर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कनिष्ठ सहायक सुरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# नल कनेक्शन के दौरान कांसोटी खेड़ा गांव में हुआ एक ही परिवार के लोगो में झगड़ा

## झगड़े में दो महिलाओ सहित एक बुजुर्ग घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** उपखण्ड के सदर थाना क्षेत्र के कांसोटी खेड़ा गांव में ग्रामीण जल कनेक्शन योजना के दौरान नल कनेक्शन को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान लाठी-भाटा जंग हो गई। जिसमें दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को परिजनों ग्रामीणों द्वारा बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी सदर पुलिस को दी है।पुलिस द्वारा घायलों का मेडिकल कराने के साथ मामले की जांच की जा रही है। कांसोटी खेड़ा गांव निवासी पीड़ित राजेंद्र मीणा ने बताया कि ग्रामीण जल योजना के तहत वह अपने भाई बाबूलाल मीणा पुत्र करन सिंह के घर पर नल कनेक्शन करा रहे थे।इस दौरान उनके पड़ोसी और परिवार के ही आरोपी किरोड़ी लाल सहित उनके परिवार के लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर आए और आते ही उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने नल कनेक्शन नहीं करने की पूर्व में भी धमकी दी थी।दो दिन पूर्व आरोपी उनके पाइप को तोड़कर भी गए थे। ऐसे में अचानक हुए हमले में 55 वर्षीय बाबूलाल पुत्र करन सिंह बाबूलाल की पत्नी वैजयंती और राजेंद्र की पत्नी उत्तरा घायल हुई हैं। बाबूलाल के सिर में गंभीर चोट आई है। वही वैजयंती के सिर सहित शरीर में अन्य स्थानों पर चोटे हैं। उत्तरा के हाथों में गंभीर चोट बताई गई है। घटना की सूचना सदर थाना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने गांव पहुंच मामले की जानकारी की है साथ में सभी घायलों से घटना को लेकर जानकारी भी ली है।

# राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कार्मिकों ने पूर्व मंत्री के विरुद्ध मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान, जिला कोटा के जिलाध्यक्ष तेजराज सिंह के नेतृत्व में राजस्थान के मुख्यमंत्री को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रस्तुत कर राजस्थान के पूर्व मंत्री एवं उनके कार्यकर्ताओं के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक, जिला कोटा ग्रामीण से दुर्व्यवहार करने एवं राज कार्य में बाधा पहुंचाने के लिए प्रभावी कानूनी कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है।

ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान सरकार द्वारा ड्यूटी पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारी के साथ जन प्रतिनिधियों द्वारा अभद्र एवं अशोभनीय व्यवहार किए जाने पर प्रारंभ से ही जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती रही है जो सर्वथा उचित भी है। गत18 जून को भरत सिंह कुंदनपुर, पूर्व मंत्री, राजस्थान सरकार एव उनके कार्यकर्ता सांगोद क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक, जिला कोटा ग्रामीण करण शर्मा से उनके कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से वार्ता करने गए थे। यह वार्ता सदभावनापूर्वक हो रही थी किंतु इसी दौरान पूर्व मंत्री एवं उनके कार्यकर्ता अनावश्यक उत्तेजित होकर जोर-जोर से चिल्लाने लगे और उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। इसके अतिरिक्त चैंबर से बाहर आकर पुलिस के खिलाफ अवैध खनन कर्ताओं से सांठ गांठ करने का मिथ्य आरोप लगाकर परिसर में नारेबाजी की एवम राजकार्य को बाधित भी किया जो प्रचलित कानून के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। इस प्रकार की गतिविधियों से पुलिस का मनोबल गिरता है और उन्हें जनता के समक्ष अकारण ही अपमानित भी होना पड़ता है । संगठन के कोटा संभाग के अध्यक्ष नवनीत महर्षि ने एक बयान जारी कर कहा है कि अवैध खनन रोकने की प्राथमिक जिम्मेदारी खनन विभाग अथवा वन विभाग की होती है और राजस्थान पुलिस उनके सहयोगी के रूप में कार्य करती है किंतु दुर्भाग्यवश जन प्रतिनिधि हर प्रकार के अपराध हेतु समस्त दोष पुलिस के सिर ही मड देते हैं जो अनुचित है। संगठन ने इस प्रकार की अवांछनीय एव अशोभनीय घटना की पुरजोर शब्दों में निंदा करते हुए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस घटना में संलिप्त सभी व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के दायरे के अंतर्गत कठोर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने का श्रम करें ताकि पुलिस के ईमानदार अधिकारी निर्भय और निर्भीक होकर अपने कर्तव्य को संपादित कर सके। प्रतिनिधि मंडल में सम्भागीय उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मीणा, सलाहकार अतहर खान, संयुक्त सचिव राघवेन्द्र सिंह, संगठन मंत्री प्रेमचंद गौड़ एवम सूरज भान सिंह, प्रचार मंत्री रामदयाल नागर एवम हरि राज सिंह, कार्यकारिणी सदस्य जलालुद्दीन तथा मोहम्मद मुस्लिम आदि उपस्थित रहे।



# परिवादी की पीड़ा संवेदनशीलता से सुनें, यथासंभव निस्तारित करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि अपनी पीड़ा लेकर कोई भी परिवादी आए तो अधिकारी उसे चक्कर कटवाने के बजाए उसकी बात तसल्ली से सुने, संबंधित कर्मचारी से प्रकरण की पूरी जानकारी लें एवं यथासंभव समस्या के समाधान का प्रयास संवेदनशीलता के साथ किया जाए।

उन्होंने नगर निगम, यूआईटी, बिजली एवं पीएचईडी जैसे आमजन से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादी को उसकी शिकायत के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में पूरी जानकारी दी जाए ताकि उसे संतुष्टी हो सके।

डॉ. गोस्वामी गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय जनसुनवाई कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण बार-बार नहीं आए इसके लिए शिकायत का उचित निस्तारण कर शिकायतकर्ता को उसके बारे में जानकारी दी जाए।

उन्होंने बताया कि सम्पर्क पोर्टल पर पिछले माह आए प्रकरणों के निस्तारण का औसतन समय सात दिन हो गया है। सम्पर्क पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने हर फरियादी की व्यक्तिगत सुनवाई की एवं उनकी समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, पटवारी आदि वीसी के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।

जनसुनवाई में भूमि की पैमाईश, रास्ता रोकने के प्रकरण, रास्ता खोलने एवं चारागाह भूमि पर अतिक्रमण जैसे प्रकरणों में उन्होंने रिपोर्ट मंगवाने के निर्देश दिये। यूआईटी, नगर निगम, राजस्व, पुलिस, जिला परिषद, विद्युत विभाग, सीएडी एवं सिंचाई विभाग से जुड़े प्रकरणों में जिला कलक्टर ने वहां मौजूद अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई शुरू होने के साथ ही हर शिकायत को रजिस्टर में दर्ज कर प्रकरण जिला कलक्टर के पास आने से पहले संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने फरियादी से प्रकरण की विस्तृत जानकारी ली। फरियादी की शिकायत सुनने के बाद जिला कलक्टर ने प्रकरण संबंधित विभागीय अधिकारी को मार्क करते हुए समस्या के उचित समाधान करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान 200 से ज्यादा परिवाद प्राप्त हुए। प्राप्त परिवादों को जनसंपर्क पोर्टल पर अपलोड कर संबंधित विभाग को समस्या के निस्तारण के लिए आवंटित किया जाएगा।

# कार ने दो सहेलियों को कुचला, मौत, पैर भी कटे

## भीलवाड़ा से चलकर आ रहा था ड्राइवर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर में गुरुवार सुबह 8 बजे कार की टक्कर से दो सहेलियों की मौत हो गई। कार की स्पीड इतनी तेज थी कि दोनों उछलकर 20 फीट दूर झाड़ियों में गिर गईं। हादसा सिमलिया थाना इलाके में हुआ। सिमलिया थाना एसएचओ दलपत सिंह के अनुसार ज्योति प्रजापत (23) पुत्री बजरंग लाल प्रजापत और वर्षा नागर (22) पुत्री बृजगोपाल नागर सिमलिया गांव में पावर हाउस बस्ती के पास रहती थीं और पड़ोसी थीं। दोनों सहेलियां गढ़ेपान फैक्ट्री के ट्रेनिंग सेंटर में सिलाई सिखाने जाती थीं।

गुरुवार को भी फैक्ट्री जाने के लिए कोटा-बारां हाईवे पर पावर हाउस बस्ती के सामने सड़क किनारे रेलिंग पर बैठकर गाड़ी का इंतजार कर रही थीं। इस दौरान कोटा की तरफ से इनोवा कार स्पीड में आई और रेलिंग को तोड़ते हुए दोनों को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में दोनों को कोटा के



न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में दोनों के पैर कट गए थे। शव हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं। कार ड्राइवर को पकड़ लिया है। दोनों की माता-पिता हॉस्पिटल पहुंचे तो अपनी बेटी का शव देखकर बदहवास हो गए।

**भीलवाड़ा से लौट रहा था कार ड्राइवर :** एसएचओ सिंह के अनुसार इनोवा कार राजेश नागर निवासी मरायथा थाना, खानपुर चला रहा था। वह ड्राइवर है। उसे पकड़ लिया है और कार को भी जब्त कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि वह खानपुर में कथा के बाद पंडितों को छोड़ने भीलवाड़ा गया था। रात करीब 3 बजे भीलवाड़ा से वापस आने के लिए निकला था।

# हाड़ोती किसान यूनियन ने किया किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव पत्र प्रेषित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राज्य सरकार की ओर से बीस जून तक प्रस्तावित बजट 2024-25 के लिए संस्थाओं, सामाजिक संगठनों सहित आमजनों से मांगे गए सुझावों के अन्तर्गत हाड़ोती किसान यूनियन ने संभागीय वरिष्ठ किसान प्रतिनिधियों से चर्चा करके किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न सुझावों को बजट घोषणा में सम्मिलित कर किसानों को राहत दिए जाने के लिए सुझावों का आग्रह पत्र मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को प्रेषित किया।

यूनियन के प्रतिनिधि एवं राष्ट्रीय युवा संगठन के पूर्व प्रदेश संयोजक जगदीश कुमार ने प्रेषित सुझावों में अवगत करवाया कि राज्य की एकमात्र सहकारिता क्षेत्र में स्थापित बंद पड़ी केशवराय पाटन सहकारी सुगर मिल को पुन: संचालित करवाया जाये,कोटा भामाशाह मंडी में आने वाली उपज की तादाद को देखते हुए छोटी पड़ रही मंडी को विस्तारित करवाने एवं कृषि उपज को समर्थन मूल्य से कम नहीं बिके इसकी सुनिश्चितता बनाए तथा गांवों के पलायन को रोकने के लिए ग्राम स्तर पर कुटीर उद्योगों की स्थापना के लिए राशि बजट में निर्धारित करते हुए गांवों की स्वायत्तता बनाए रखने के लिए ग्राम स्वराज के अन्तर्गत ग्रामीणों की सहमति के बिना कोटा विकास प्राधिकरण में सम्मिलित किए गए गांवों को मूक्त करवाने सहित विभिन्न समस्याओं से राहत चाहने हेतु प्रेषित सुझाव पत्र में आग्रह किया गया।

यूनियन के महामंत्री दशरथ कुमार, चौथमल नागर, बद्रीलाल बैरागी, भंवरलाल चौधरी,सुरजमल नागर, दिनेश गौतम,मनविर सिंह, श्रवण कुमार सेनी, ऊंकार नागर ने प्रेषित सुझाव पत्र में कृषि एवं ग्रामीणों के विकास के लिए घोषित बजट में से पचास प्रतिशत बजट राशि की सुनिश्चितता बनाए रखने का आग्रह किया।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में किया आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण

## जनसुनवाई में प्राप्त हुए 72 प्रकरण

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इसमें जन सुनवाई कर आमजन की समस्याओं का समाधान कर राहत दी गई। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने जन सुविधा केन्द्र में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाएं सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों को तुरंत समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर एवं जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा भी मौजूद रहे। जन सुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि आमजन की वाजिब समस्या का अधिकारीगण तुरंत समाधान करें। निस्तारण में किसी तरह की ढ़िलाई नहीं करें। जनसुनवाई में लगभग कुल 72 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने नगर परिषद को निर्देश दिए कि शहर के वार्ड 14 में गंदे पानी निकासी की समस्या का समाधान किया जावे। इसके अलावा नाली निर्माण करने और वार्ड 20 में भी पेयजल एवं सुविधाओं की समस्याओं का भी शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने कैटल शेड की राशि का भुगतान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कृषि कनेक्शन के लिए प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने आजाद पार्क के समीप स्थित बिजली के खम्बे सही करने एवं बिजली के तारों पर पेड़ों की छटाई काटने के लिए निर्देश दिए। साथ बूंदी शहर के संजय कॉलोनी के विधुत कनेक्शन प्रकरणों के निस्तारण के लिए निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रकरणों के निस्तारण के लिए जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिए।

# हमें प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना होगा

## पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पखवाड़े का समापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण एवं स्काउट गाइड ग्रुप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल के संयुक्त तत्वावधान में मनाए रहे जल व पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पखवाड़े का गुरुवार को समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सहायक राज्य संगठन आयुक्त दिलीप माथुर थे। अध्यक्षता सीओ स्काउट बृजसुंदर मीणा ने की। दिलीप माथुर ने कहा कि साफ सफाई का जीवन में बहुत महत्व है। हमें आसपास के पूरे वातावरण को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाने पड़ेगी। जीवन में जब भी हमें तनाव महसूस हो तो समझ जाना हमारे घर में कचरा बहुत इकट्ठा हो गया है। उसकी सफाई में लग जाना साफ होने के बाद मन को इतना अच्छा लगेगा और प्रफुल्लित महसूस होगा। मीणा ने कहा कि प्राकृतिक वस्तुओं की रक्षा की दिशा में हम सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है। हम पृथ्वी को हरा-भरा बना सकते हैं। पानी, जमीन और हवा को प्रदूषित होने से बचाएं। बिजली की बचत करें। अधिक से अधिक पौधे रोपें और जंगलों को संरक्षित करें। स्थानीय संघ सचिव एवं विद्यालय स्काउट गाइड प्रभारी प्रकाश जायसवाल ने पर्यावरण की क्षति पर कहा कि आज दुनिया के सबसे अधिक 10 शहरी क्षेत्र पांच भारत में हैं। ऐसे ही सबसे अधिक 15 गर्म शहरों में 10 शहर भारत के शामिल हैं। उनमें से तीन भारत में 50 ग्लेशियर बड़ी तेजी से पिघल रहे हैं। विकसित देशों में आधारभूत ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम प्राकृतिक चीजों का विवेकपूर्ण उपयोग करें।

# नगर पालिका कपासन ने अभियान संचालित कर 6 किलो पॉलिथीन जब्त की



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा पॉलीथिन जब्ती एवं सिंगल युज प्लास्टिक बैन अभियान चलाकर गुरुवार को 6 किलो पॉलिथीन जब्त करने की कार्यवाही की गयी।

नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी ने बताया कि क्षेत्रीय प्रदुषण नियंत्रण मण्डल से प्राप्त निर्देशों की पालना एवं अधिशाषी अधिकारी भानुप्रताप सिंह के निर्देशन में नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर के बस स्टेण्ड, चित्तौड़ मार्ग,पांच बत्ती चौराहा आदि सार्वजनिक स्थलो पर सिंगल युज प्लास्टिक बैन के प्रति आमजन को जागरूक किया गया ।साथ ही नगर पालिका दल द्वारा इस दोरान कार्यवाही करते हुवे 6 किलो पॉलीथिन जब्त की गयी। नपा स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली ने बताया कि इससे पूर्व भी नगर पालिका कपासन द्वारा पॉलीथिन जब्ती की कार्यवाही के साथ आमजन को सिंगल युज प्लास्टिक बैन के प्रति जागरूक किया गया ।जिससे आमजन में कपड़े से निर्मित बैग का उपयोग प्रचलन में आया ।इस मौके पर स्वास्थ्य जमादार सत्यनाराण बेनिवाल,विजय कोदली एवं एसबीएम इंजिनियर रिया गर्ग आदि नगर पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

# मुजरास टोल नाके पर जानलेवा हमला मामले का कारोई पुलिस ने किया खुलासा, हमले के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर/भीलवाडा ( नि.स. )।** कारोई थाना पुलिस ने मुजरास टोल नाके पर हुए जानलेवा हमले के मामले में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार तीनों आरोपियों को आज गंगापुर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जिनमें दो बापर्दा आरोपियों को न्यायिक अभिक्षा में भेजना और एक आरोपी को पुलिस डिमांड में भेजने का आदेश पारित हुए। कारोई थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुर्जर ने बताया कि कैलाश, प्रहलाद कमलेश नामक युवकों ने मुजरास




टोल नाके पर टोल कर्मियों और मैनेजर के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला किया जिसमें मामला दर्ज होने के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।इसमें से दो आरोपियों को बापर्दा रखा गया है जिनकी शुक्रवार को शिनाख्त परेड होने के बाद पुनः न्यायालय में पेश किया जाएगा वहीं एक आरोपी को गंगापुर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने पर पुलिस रिमांड में भेजे जाने का आदेश पारित हुआ है।

# जैन शिविर में बालकों को सिखाई पानी छानने की विधी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री दिगंबर जैन बाल विकास पारमार्थिक न्यास की ओर से आयोजित 9 दिवसीय जैन दर्शन एवं व्यक्तित्व विकास शिविर में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है। शिविर रामपुरा के दिगंबर जैन पोरवाल मंदिर और इंद्राविहार के सीमंधर जिनालय दोनों जैन मंदिरों में शिविर चल रहा है। गुरूवार को रामपुरा में बालकों को मुमुक्षु आश्रम से आए पंडित आदित्य शास्त्री ने पानी छानकर पीने की विधी सिखाई। उन्होंने बच्चों को सिखाने के लिए कक्षा में ही तीन भगोनों में नातने (पानी छानने का छनना) से पानी छानने और फिर उन नातने में आए जीवों की जीवाणी (रक्षा करने) करने की विधी सिखाई। पानी छानने का नातना इतना मोटा होना चाहिए, जिसमें सूर्य की किरणें आर-पार नहीं हो सके। शास्त्री ने बताया कि जैन धर्म मानने वाले और जैन बच्चों, बड़ों की सामान्यः तीन पहचान होती है। जिसमें नित्य देव दर्शन, रात्रीभोज निषेध और पानी छानकर पीना है। बालकों को प्रश्न उत्तर के माध्यम से पढ़ाया और सही जवाब देने पर प्रोत्साहन के रूप में इनाम भी दिए गए।

शास्त्री ने कहा कि आज हमारे बालक मोबाइल, टीवी पर देख देखकर कोल्ड ड्रिंक, सोफ्ट ड्रिंक पीने की जिद कर रहे है और आने वाले समय में फिर यह अभक्ष्य पेय पदार्थ पीने को कहेंगे। ऐसे में अभी से बालकों में ऐसे संस्कार डालने जरूरी है ताकी वो बड़े होकर अपने गलत दिशा में नहीं भटके।

# खंडेलवाल ब्राह्मण समाज चित्तौड़गढ़ की बैठक में अवैध तरीके से कराए जा रहे जिलाध्यक्ष चुनाव का बहिष्कार



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** जिला खंडेलवाल ब्राह्मण समाज चित्तौड़गढ़ जिला शाखा की आवश्यक बैठक का गुरुवार को प्राकट्य स्थल सांवलियाजी में जिलाध्यक्ष पूरणमल शर्मा बिलोदा की अध्यक्षता में आयोजन किया गया ।जिसमे जिला चित्तौड़गढ़ खंडेलवाल ब्राह्मण समाज के समस्त शाखा सभा अध्यक्ष आदि पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया ।उक्त जिला बैठक में जिला कार्यकारिणी की प्रगति में अवैध तरीके से कराए जा रहे जिलाध्यक्ष चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया तथा अवैध तरीके से तैयार की गई मतदाता सूची को निराधार बताया गया। साथ ही सर्वसम्मति से उक्त अवैध चुनाव का विरोध का करने का निर्णय लिया गया। क्योंकि उक्त चुनाव गुपचुप तरीके से कराए जा रहे हैं। जिससे उक्त गलत चुनाव की निर्वाचन प्रक्रिया को रोकने की मांग की गई है ।साथ ही बैठक में वर्तमान जिलाध्यक्ष पूरणमल शर्मा बिलोदा का कार्यकाल अनिश्चितकाल हेतु आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

# अज्ञात कारणों के चलते कपासन के युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** नगर के रेलवे स्टेशन निवासी एक युवक ने कपासन से उदयपुर आवागमन के दौरान अज्ञात कारणों के चलते उदयपुर-जयपुर इंटरसिटी के आगे कूद गया ।जिससे युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। जानकारी अनुसार नगर कपासन में रेलवे स्टेशन निवासी शुभम आंचलिया जैन पुत्र राजेंद्र आंचलिया कपासन से उदयपुर जाने हेतु लोकल ट्रेन से रवाना हुआ ।नगर के समीपवर्ती उपखंड भूपालसागर के रेलवे स्टेशन पर उदयपुर-जयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को क्रॉसिंग देने के लिए लोकल ट्रेन भूपालसागर रेलवे स्टेशन पर रुकी तथा सामने से तीव्र गति से आ रही उदयपुर- जयपुर इंटरसिटी के आगे कूदने से कपासन निवासी शुभम जैन की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची तथा पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# तेजस्वी बालिका गृह में फ्रीज, कूलर, अलमारी भेंट की

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा सिटी राउंड टेबल 358 की ओर से तेजस्वी बालिका गृह में विभिन्न आवश्यकता की वस्तुएं भेंट की गई। अध्यक्ष आदित्य सेठी ने बताया कि आरोहण सेवा संस्थान के सहयोग से तेजस्विनी बालिका गृह में दो अलमारी, तीन कूलर, एक फ्रिज भेंट किया गया।

आरोहण सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनिकेत जैन ने बताया कि तेजस्विनी बालिका गृह में 50 बालिकाएं रहती है। जो भीषण गर्मी से परेशान हो रही थीं। बालिका गृह में कूलर और फ्रीज से उन्हें राहत मिल सकेगी। इस दौरान कोऑर्डिनेटर सिद्धार्थ गौतम, सक्षम माहेश्वरी, सौम्य गोयल, तनीषा अग्रवाल, रजत, उमंग, प्रांशुल, उद्धव, ऋषभ, रोहित, उत्सव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# तमिलनाडु कल्लाकुरिची में अवैध शराब पीने से 35 की मौत

## प्रशासनिक अमला मौके पर, 60 से अधिक अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**कल्लाकुरिची (एजेंसी)।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में कथित तौर पर अवैध शराब पीने से कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। 60 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने चिंता जताई है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। कल्लाकुरिची के जिला कलक्टर एमएस प्रशांत ने जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों से मुलाकात की।

अधिकारियों ने बताया कि तमिलनाडु के उत्तरी भाग में स्थित कल्लाकुरिची जिले में 88 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कम से कम 35 लोगों की मौत अवैध शराब के संदिग्ध सेवन के बाद हुई है। सरकार ने बताया कि के कन्नुकुट्टी (49) को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से जब्त लगभग 200 लीटर अवैध शराब में घातक मेथनॉल की मौजूदगी का पता चला है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबी-सीआईडी जांच के आदेश दिए हैं।

### कलक्टर बदला, एसपी सस्पेंड

सरकार ने कल्लाकुरिची के जिला कलक्टर श्रवण कुमार जाटवथ का तबादला कर दिया है, जबकि पुलिस अधीक्षक समय सिंह मीना को निलंबित कर दिया गया है। कल्लाकुरिची जिले के निषेध शाखा के पुलिसकर्मियों सहित नौ अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मौतों पर दुख जताया और कहा कि इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कल्लाकुरिची में मिलावटी शराब पीने वाले लोगों की मौत की खबर सुनकर मैं स्तब्ध और दुखी हूं। इस मामले में अपराध में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. इसे रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।



### राज्यपाल ने शोक व्यक्त किया

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने मौतों पर शोक व्यक्त किया और पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। तमिलनाडु राजभवन की ओर से साझा की गई एक पोस्ट में कहा गया कि मुझे यह जानकर बहुत धक्का लगा कि नकली शराब के सेवन के कारण कल्लाकुरिची में कई लोगों की जान चली गई। कई अन्य गंभीर हालत में अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना और अस्पतालों में भर्ती लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना। राज्यपाल ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से नकली शराब के सेवन से मौतों की लगातार रिपोर्ट पर चिंता जताई।

# प्री-मानसून : जयपुर सहित दस जिलों में हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

## 25 से मानसून आने की संभावना



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रदेश में प्री-मानसून की बौछारों का श्रीगणेश हो गया है। सब कुछ ठीक रहा तो राजस्थान में 25 जून को मानसून का मंगल प्रवेश हो जाएगा। गुरुवार को जयपुर, अजमेर, अलवर, दौसा, करौली, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, सीकर, नीमकाथाना, गंगानगर और सवाई माधोपुर में दोपहर बाद से मौसम में हुए बदलाव हुआ और तेज बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी और लू से राहत मिली है।

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार अगले तीन दिन तक हल्की बारिश होने की संभावना है। दूसरी तरफ प्रदेश में हीटवेव से हो रही मौतों का सिलसिला रुक नहीं रहा है। अलवर में बीते दो दिन में मौसम ने 23 लोगों की जान ले ली है। वहीं, पूरे प्रदेश में गर्मी से मरने वालों की संख्या 94 हो गई है। पिछले 24 घंटे की स्थिति देखें तो प्रदेश में गर्मी और उमस रही।

श्रीगंगानगर, चूरू, पिलानी, अलवर, धौलपुर में कल अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, दौसा, सीकर, झुंझुनूं और अलवर में दिन में हीटवेव चली।

# रूस में आयोजित हो रहे सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी महापौर सौम्या गुर्जर

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** रूस के कजान शहर में आयोजित होने जा रहे ब्रिक्स प्लस एसोसिएशन सिटीज एंड म्युनिसपिलिटीज में महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं। 20 जून से 24 जून तक आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय सम्मेलन में दुनिया भर से अलग-अलग देशों के मेयर वक्ता शामिल होंगे। भारत की ओर से जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर को ये मौका दिया गया है, जहां महापौर इस सम्मेलन में भाग लेने जा रही हैं। रूस के कजान में होने जा रहे इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. सौम्या कई मुद्दों पर चर्चा करेंगी और कई देशों के जन प्रतिनिधियों से मुलाकात भी करेंगी। यह सम्मेलन पहली बार आयोजित हो रहा है। इसमें शामिल जन प्रतिनिधि नागरिकों के बेहतर जीवन के लिए विचार विमर्श करेंगे।

### वर्ल्ड सिटीज समिट में भी किया था प्रतिनिधित्व

इससे पहले डॉ. सौम्या गुर्जर सिंगापुर में आयोजित हुई वर्ल्ड सिटीज समिट- 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस दौरान डॉ सौम्या गुर्जर ने शहरी विकास, स्मार्ट सिटी मिशन, नवाचारों, विरासत, संस्कृति पर विभिन्न कार्यशालाओं पर प्रजेंटेशन दिया था। इस समिट में विश्व के 250 से भी अधिक शहरों के महापौर, उद्योगपति, अन्तरराष्ट्रीय संस्थाएं भाग लेने पहुंची थी। समिट में कतर, मस्कट, मलेशिया, केन्या, सिंगापुर, जर्काता, कैनबरा, फिलिपिन्स, बैकॉक, संघाई, साउथ अफ्रीका, भूटान सहित विभिन्न देशों के महापौर, सीईओ प्रतिनिधि मौजूद थे।

# महिला जेल में लगा नेत्र जांच शिविर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर की महिला जेल में मां फाउंडेशन ट्रस्ट के सहयोग से शताक्षी नेत्र सेवा संस्थान के तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र कैम्प और नि:शुल्क चश्मा वितरण का आयोजन हुआ जिसमें 150 से अधिक महिलाओं ने नेत्र जांच की गई। मां फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत डॉ. करणी प्रताप ने बताया कि जेल में रह रहे लोग अपराध के अंधकार में पहले से ही है। ऐसे में उनके नेत्रों की ज्योति उनके जीवन में एक नया उजाला ला सकती है। महंत डॉ. करणी प्रताप ने ये भी बताया कि कैसे समाज की मुख्यधारा से प्रथक हो चुके इन लोगों को भी अवसर मिलना चाहिए ताकि कारावास पूर्ण कर एक नया जीवन प्रारम्भ कर सके। उपकारापाल वर्षा फ़ौजदार ने बताया इस कैम्प के आयोजन से बहुत कैदियों को राहत मिली है। कैम्प में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. निर्मल मुद्गल, डॉ. गिरिजा चारण, ऑप्टोमेट्रिस्ट रवींद्र सिंह और बबीता ने मरीजों की नेत्र जांच की। 23 जून को महंत डॉ. करणी प्रताप के द्वारा सभी कैदियों हेतु मोटिवेशनल सेमिनार रोड टू रिफार्म आयोजित किया जाएगा और 113 चश्मों का वितरण किया जाएगा।

# जन्म के छह घंटे बाद नवजात को शौचालय में छोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी (नि.स.)।** कोटा के सार्वजनिक शौचालय में कोई महज 6 घंटे के नवजात को छोड़ गया। शौचालय में आई महिलाओं ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी। उन्हें शौचालय के अंदर सफेद कपड़े में लिपटा नवजात नजर आया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात को अस्पताल में भर्ती करवाया है। मामला रामगंज मंडी के नयागांव बीजमंडी का गुरुवार सुबह 8 बजे का है।

पुलिस के अनुसार नवजात की मां के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। नवजात को एंबुलेंस की मदद से सुकेत हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। वहां से झालावाड़ जिला हॉस्पिटल में रेफर कर दिया।

### महिलाओं ने सुनी रोने की आवाज

सरकारी स्कूल के पास सार्वजनिक शौचालय बना हुआ है। सुबह करीब 8 बजे महिलाएं शौचालय में गई थीं। इस दौरान बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। उन्हें कपड़े में लिपटा नवजात मिला। महिलाओं ने ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर ग्रामीण जुट गए।

### रात 2 बजे हुआ था जन्म

नवजात प्री-मैच्योर है। वह लड़का है। उसका जन्म करीब 6 महीने की प्रेग्नेंसी में ही हुआ है।

# शिक्षा मंत्री प्रधान बोले- नीट के साथ समझौता नहीं होगा

## एनटीए के लिए हाई लेवल कमेटी गठित होगी, जो इसे और बेहतर बनाने के लिए सिफारिश देगी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** नीट एग्जाम विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, नीट एग्जाम के साथ समझौता नहीं होगा। एग्जाम को जीरो एरर बनाया जाएगा। एनटीए के लिए हाई लेवल कमेटी गठित होगी, जो इसको और बेहतर करने की सिफारिश करेगी। शिक्षा मंत्री ने बताया, टेक्नोक्रेट्स, साइंटिस्ट्स, एकेडमिशियन, साइकोलॉजिस्ट बैकग्राउंड के लोगों को मिलाकर सरकार कमेटी बनाएगी। जल्द ही इसे नोटिफाई किया जाएगा। ये कमेटी एनटीए के स्ट्रक्चर, फंक्शनिंग, एग्जाम प्रोसेस, ट्रांसपेरेंसी, ट्रांसफर और डेटा, सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को और इम्प्रूव करने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के संबंध में हम बिहार सरकार के लगातार संपर्क में हैं और पटना से हमें कुछ जानकारी भी आ रही है। आज भी कुछ चर्चा हुई है। पटना पुलिस के पास कुछ जानकारी आई, जो सबसे सामने भी है। डिटेल्ड रिपोर्ट जल्द भारत सरकार को भेजेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट का नीट यूजी काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नीट त्र काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि आखिरी सुनवाई के बाद परीक्षा कैंसिल होती है तो काउंसलिंग भी कैंसिल हो जाएगी। इससे पहले 11 जून को भी सुप्रीम कोर्ट ने यह अपील खारिज की थी। आज सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा रद्द करने की मांग वाली नई याचिका पर भी सुनवाई हुई।

# एसडीएम कोर्ट से विश्वेंद्र सिंह की याचिका निरस्त : कहा- क्षेत्राधिकार से बाहर का मामला; पत्नी-बेटे के खिलाफ भरण पोषण का दावा किया था



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर।** भरतपुर के पूर्व राजपरिवार के विवाद के मामले में एसडीएम कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया। एसडीएम कोर्ट ने पूर्व राजपरिवार के सदस्य और पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा-यह मामला एसडीएम कोर्ट में चलने लायक नहीं है। यह याचिका सिविल कोर्ट में दायर की जाए। पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने 6 मार्च 2024 को एसडीएम कोर्ट में अपनी पत्नी दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ अपने भरण पोषण की याचिका लगाई थी।

### क्या लिखा था याचिका में

विश्वेंद्र सिंह की ओर से एसडीएम कोर्ट में लगाई याचिका में कहा गया था- प्रार्थी (विश्वेंद्र सिंह) वरिष्ठ नागरिक है और हृदय रोग से पीड़ित है। उन्हें साल 2021 और 2022 में दो बार कोरोना हुआ है। उस दौरान पत्नी और बेटे उन्हें देखने के लिए भी नहीं आए। फोन पर बात भी नहीं की। याचिका में विश्वेंद्र सिंह ने पिता से वसीयत के जरिए प्राप्त संपत्तियों पर हक जताया और आरोप लगाया है कि पत्नी और बेटे ने कपड़ों को कुएं में फेंक दिया। लोगों से मिलने नहीं दिया जाता।

# कानून मंत्री बोले- कांग्रेस ने इमरजेंसी में संविधान खत्म किया

## कहा- वेट एंड वॉच, सब चीजें ठीक होंगी; भजनलाल सरकार अपना काम कर रही

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस भारत के संविधान को खत्म करने का झूठा प्रचार कर रही है। जनता को भी अब इसका पता चल गया है। कंफ्यूजन क्रिएट करना और भाग जाना कांग्रेस की संस्कृति है।

यह बात अर्जुनराम मेघवाल ने सीकर के जैन स्कूल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। अर्जुनराम मेघवाल जैन स्कूल में आयोजित राव राजा कल्याण सिंह की 138वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

### कांग्रेस का झूठा प्रचार

अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि संविधान को खत्म करने का कांग्रेस का सिर्फ झूठा प्रचार था। संविधान को अगर खत्म करने का प्रयास किया तो कांग्रेस ने इमरजेंसी में किया। भारतीय जनता पार्टी संविधान का सम्मान करती है। यूसीसी के सवाल पर जवाब देते हुए कानून मंत्री ने कहा कि सरकार का गठन हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने है। अब जिस पार्टी का यह एजेंडा है वेट एंड वॉच प्रवृत्ति में रहिए, सब चीजें ठीक होने वाली हैं। राजस्थान में पानी व बिजली के संकट को लेकर अर्जुन मेघवाल ने कहा कि हम इसके समाधान में लगे हुए हैं। पिछली कांग्रेस की सरकार राजस्थान में कितना बिजली का कर्ज कंपनियों पर छोड़कर गई थी। बिजली की समस्या के साथ पानी की समस्या भी जुड़ जाती है। वर्तमान में भजनलाल शर्मा की सरकार सभी समस्याओं की समीक्षा करके टॉप प्रायोरिटी में काम करने के लिए लगी हुई है।



### सीएलसी में किया संबोधित

सीएलसी में अर्जुनराम मेघवाल ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि मैं मूल रूप से एक शिक्षक हूं। उन्होंने कलाम के जीवन का उदाहरण देते हुए बच्चों से कहा कि सफल होने के लिए सपने देखना जरूरी है।

मेघवाल ने कहा कि एक विद्यार्थी को चरित्रवान, संस्कारवान, योग्य और सक्षम होना चाहिए तथा अपने जीवन में कर्मशील और विनम्र बने रहना चाहिए। मंत्री ने सीएलसी का अवलोकन करने के बाद कहा कि जब सीएलसी जैसा संस्थान और श्रवण चौधरी जैसा शिक्षक मिल जाए तो सफलता निश्चित है। सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने बताया कि सीएलसी संस्थान संस्कारों से जुड़ा हुआ है और छात्रों को संस्कारवान बनाने तथा अपने परिवार और समाज से जोड़े रखने के लिए सीएलसी में 12 फरवरी 2012 से हनुमान चालीसा का पाठ शुरू हुआ था जो आज तक जारी है। सीएलसी सीईओ साहिल चौधरी, सीएलसी सीओओ समर चौधरी, एकेडमिक हेड अंकित जांगिड़ तथा टीम सीएलसी ने कानून मंत्री श्री मेघवाल को महात्मा बुद्ध की प्रतिमा भेंट की।

## अब होगा ईवीएम को लेकर दूध का दूध और पानी का पानी

# हरियाणा की 2 लोकसभा सीटों की ईवीएम की जांच होगी, हारे उम्मीदवार करेंगे


## मनोहर खट्टर और कृष्णपाल गुर्जर की सीटों पर होगी जांच

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने हरियाणा की 2 लोकसभा सीटों पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत की जांच के आदेश दिए हैं। इनमें करनाल और फरीदाबाद सीट शामिल है। जिनकी अब ईवीएम चेक कराई जाएगी। करनाल से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और फरीदाबाद से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर चुनाव जीते थे। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी। इसे लेकर चुनाव आयोग में शिकायत भी की गई थी। करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर ईवीएम की जांच करने की मांग की थी। वहीं, फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने भी गड़बड़ी की आशंका जताई थी। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आए थे। इनमें हरियाणा के करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीट के भी नाम शामिल थे।

### इन दोनों सीटों पर भाजपा जीती

करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। करनाल से हरियाणा के साढ़े नौ साल मुख्यमंत्री रहे मनोहरलाल खट्टर ने कांग्रेस के उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को हराया। खट्टर यहां से



2 लाख 32 हजार 577 वोटों के बड़े अंतर से जीते थे। खट्टर का यह पहला लोकसभा चुनाव था। इसके बाद वह मोदी 3.0 कैबिनेट में मंत्री बन चुके हैं। उन्हें शहरी विकास एवं आवास और ऊर्जा मंत्री बनाया गया है। वहीं, फरीदाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा ने कृष्णपाल गुर्जर को उम्मीदवार बनाया था। यहां से उन्होंने कांग्रेस के महेंद्र प्रताप सिंह को हराकर जीत हासिल की। गुर्जर ने यह सीट 1 लाख 72 हजार 914 वोटों के अंतर से जीती थी। जीत के बाद कृष्णपाल गुर्जर भी लगातार तीसरी बार मोदी कैबिनेट में केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए गए हैं। उन्हें अमित शाह के साथ सहकारिता विभाग दिया गया है।

### कांग्रेस उम्मीदवार चेक करेंगे ईवीएम

करनाल लोकसभा सीट से करनाल में 2 ईवीएम और पानीपत सिटी की 2 ईवीएम चेक कराई जाएंगी। फरीदाबाद लोकसभा सीट के बड़कल बूथ की 2 ईवीएम चेक कराई जाएंगी।

# जेजेएम घोटाले में ट्यूबवेल कंपनी का मालिक गिरफ्तार, रिमांड पर भेजा

**जयपुर (का.स.)।** जल जीवन मिशन (जेजेएम) में भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने बुधवार देर रात मैसर्स श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक महेश मित्तल को गिरफ्तार कर लिया है।

देर रात मित्तल को ईडी कोर्ट के जज के घर पर पेश किया गया। यहां से महेश मित्तल को 5 दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। मित्तल एसीबी और ईडी की रडार पर काफी समय से था, लेकिन बार-बार फरार हो रहा था। दोनों ही एजेंसियों ने मित्तल को 10 से अधिक समन भेजे थे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  [M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  [M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)